हरिभूमि
रायपुर भूमि
रायपुर, शनिवार 15 अगस्त 2026



सुमीत बाजार
क्वालिटी अनमोल
बजट पे कंट्रोल

हम गढ़ते है विश्वास
SUMEET
JEWELLERS
RAIPUR | DURG | RAJIM
RAJNANDGAON

Symbol of Trust
at
Since 1957
AT PALACE
KOTWALI CHOWK

at BUILDCON
PRIVATE LIMITED

Shri Ganesha
SINCE 1974
WE MAKE YOUR LIFE COLOURFUL

GK Electric
TRANSFORMING LAST MILE MOBILITY
With 5,000 happy customers, GK Electric continues to power
the journey with trust, performance, and innovations.
Driving towards a smarter tomorrow with sustainable mobility
9205323757 | www.gkelectric.in
होंडा की यारी, शाइन की सवारी
आज़ादी का जश्न और ऑफर भी भारी!
HONDA
पुरानी बाइक लाओ
नई HONDA SHINE 100 ले जाओ
बुकिंग्स शुरू
15 अगस्त
विशेष ऑफ़र
शाइन स्मार्ट मेन्टिनेंस पैकेज
कुल लाभ ₹12,999/-
₹1,999/- ₹1,500/- ₹2,500/-
₹00/- FREE
Shine SAME TRUST NOW IN 100cc
GK HONDA
(A unit of GK Autowheels Pvt. Ltd.)
• NH-6, Near Minocha Petrol Pump, Tatibandha, G.E. Road, Raipur (C.G.)
• Moti Bagh Chowk, Raipur (C.G.)
• Katora Talab, Raipur (C.G.)
आज ही संपर्क करें:
80582 54444

avinash
a relation for life
Rishton Se Banta Desh

AARTI GROUP
'ASHOKA' SINCE 1991
MAKING LIFE BETTER
Contact for
9111550550, 9770550550

wallfort
Building Homes

CPU
COLUMBIA PROFESSIONAL UNIVERSITY
विद्या आरभ्यते प्रगतिः
All Progress Begins with Learning

Raheja
Group

ALERT
SGS PVT. LTD.
Provider: Security Service & all Type Man
Power Private & Govt. Sector, Pan India

अपनी मनपसंद JCB बैकहो-लोडर
JCB GK JCB
खरीदने का सुनहरा मौका
पहली किस्त 2 महीने बाद
न्यूनतम डाउन पेमेंट 2 लाख
लोन सुविधा 95% तक
पहली 2 किस्त आधी
पहले साल का बीमा मुफ्त
लोन सुविधा 6 साल तक उपलब्ध
Offer valid 31st August 2026*
GK JCB
(A unit of GK Autowheels Pvt. Ltd.)
G.E. Road, Chandandih, Tatibandh, Raipur-492099
आज ही संपर्क करें:
7303625888

AISHWARYA GROUP
AISHWARYA EMPIRE
Ph.: +91-7771976666, +91-0771-2444500

SHREEJI INN
HOTEL
RESTAURANT-BANQUET HALL

COMPATIBLE SOULTIONS
SM@RT®
Smart Industrial Systems
www.smartindustrialsystems.com / (0771) 24 33 880

शिक्षा भूमि



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



"आजादी केवल हमारा अधिकार नहीं, बल्कि देश के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है।"

78वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर हम उन सभी वीर स्वतंत्रता सेनानियों, शहीदों और राष्ट्रनायकों को कोटि-कोटि नमन करते हैं, जिन्होंने अपने त्याग, संघर्ष और बलिदान से भारत को स्वतंत्रता दिलाई। यह दिन हमें केवल तिरंगा फहराने और राष्ट्रगान गाने का अवसर नहीं देता, बल्कि अपने राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों को याद करने की प्रेरणा भी देता है। हमारा भारत विविधताओं में एकता, संस्कार, संस्कृति और प्रतिभा का अद्भुत संगम है। देश का उज्ज्वल भविष्य हमारे बच्चों और युवाओं के हाथों में है। इसलिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन, संस्कार और सही मार्गदर्शन के माध्यम से उन्हें एक सशक्त नागरिक बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

स्वतंत्र भारत के उज्ज्वल भविष्य की ओर एक कदम

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन, व्यक्तित्व विकास और बेहतर भविष्य की तैयारी पर विशेष ध्यान देता है।

हमारी विशेषताएँ-

* गुणवत्तापूर्ण एवं उद्देश्यपूर्ण शिक्षा
* अनुभवी एवं समर्पित शिक्षकगण
* विद्यार्थियों के लिए अनुशासित एवं सकारात्मक वातावरण
* नियमित अध्ययन एवं परीक्षा की प्रभावी तैयारी
* कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान
* व्यक्तित्व विकास एवं आत्मविश्वास निर्माण
* संस्कार एवं नैतिक मूल्यों पर विशेष जोर
* आधुनिक शिक्षण पद्धति एवं मार्गदर्शन
* विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयास

स्वतंत्रता का वास्तविक अर्थ तभी सार्थक होगा, जब हमारा हर बच्चा शिक्षित, संस्कारी, आत्मनिर्भर और जिम्मेदार नागरिक बने। आइए, इस स्वतंत्रता दिवस पर हम संकल्प लें कि शिक्षा और संस्कार के माध्यम से एक मजबूत, सक्षम और विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देंगे।

"शिक्षित युवा – सशक्त राष्ट्र – विकसित भारत"

आइए, तिरंगे की शान को अपने कर्मों से और ऊँचा उठाएँ।


"शिक्षित युवा – सशक्त राष्ट्र – विकसित भारत"


















हरिभूमि
रायपुर भूमि







तिरंगे के रंग में डूबी राजधानी: स्वतंत्रता दिवस पर रायपुर में रोशनी का उत्सव, दुल्हन की तरह सजे सरकारी भवन

रायपुर। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के लिए सजी राजधानी। स्वतंत्रता दिवस को आज हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इसके लिए स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या को समस्त सरकारी कार्यालयों एवं भवनों को आकर्षक रंग-बिरंगी विद्युत लाईट-झालरों से सजाया गया है। सड़कों पर लगे रोड डिवाइडर का रंग-रोगन से लेकर उद्यानों में विशेष साफ-सफाई तथा लाइटिंग की गई है। पुलिस लाइन से लेकर बूढ़ातालाब के चारों तरफ जगह-जगह तिरंगे झंडे लगाए गए है।

खबर संक्षेप

इंटर्न्स डाक्टरों की मांगों पर शासन से सकारात्मक संवाद जारी : आईएमए-एमएसएन

रायपुर। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन एवं मेडिकल स्टूडेंट नेटवर्क (आईएमए-एमएसएन) के अध्यक्ष शाहदिल खुसरो एवं अन्य प्रतिनिधियों ने कहा कि इंटर्न डाक्टरों के स्टाईपेंड में वृद्धि सहित अन्य समस्याओं पर शासन से सकारात्मक संवाद जारी है। छात्र संगठन के संयोजक शाहदिल खुसरो सहित अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि गुरुवार 13 अगस्त को चिकित्सा शिक्षा आयुक्त रितेश अग्रवाल से हुई बैठक में इन मांगों पर विस्तार से चर्चा हुई है। उन्होंने बताया कि बैठक में स्टाईपेंड को 15900 से 30 हजार किए जाने की मांग पर उन्होंने हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया है। साथ ही चालू वित्तीय वर्ष में हर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में नए हॉस्टलों को स्वीकृति दी गई है। इससे भविष्य में विद्यार्थियों को इससे बेहतर आवास सुविधा प्राप्त हो सकेगी। बैठक के दौरान सीएमई ने स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावित नहीं करने की अपील की है क्योंकि यह जनहित से जुड़ा मामला है। छात्र संगठन के संयोजक ने कहा कि बैठक में हुई चर्चा काफी सकारात्मक रही और शीघ्र ही इस मामले में दूसरी बैठक होगी।उन्होंने कहा इंटर्न्स छात्रों को भ्रम में आने की जरूरत नहीं है उनकी समस्याओं पर शासन से सकारात्मक चर्चा जारी है।

सिविल डिफेंस में राजेश को विशिष्ट सेवा पदक

रायपुर। पूरे देश में होमगार्ड और सिविल डिफेंस विभाग से विशिष्ट सेवा पदक के लिए सिर्फ तीन अधिकारी चयनित हुए हैं। चयनित अधिकारियों में नगर सेना मुख्यालय में अतिरिक्त प्रधान सेनानी राजेश पाण्डेय का नाम शामिल हैं। इस पदक की पात्रता के लिए कम से कम 25 वर्षों का उत्कृष्ट सेवा रिकॉर्ड एवं सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक से सम्मानित हुए कम से कम 6 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य होता है।

साइबर जागृति अभियान का आज से आगाज

रायपुर। साइबर क्राइम के विरुद्ध जागृत एवं सुरक्षित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा 15 अगस्त से 2 अक्टूबर तक साइबर जागृति अभियान का आयोजन किया जाएगा।

युवती को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही पूछताछ

प्रेम प्रसंग के विवाद पर युवक को कार से कुचला, मौके पर मौत, आरोपी फरार





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- एम्स के सामने देर शाम की घटना

आमानाका थाना क्षेत्र में एम्स के सामने शुक्रवार देर शाम एक युवक ने दूसरे युवक को कार से कुचल दिया। कार से कुचले जाने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी कार चालक फरार है। एक युवती को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है, प्रेम प्रसंग विवाद पर कार चालक ने युवक को अपनी कार से कुचल दिया। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस तथा फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम जांच कर रही है।

मृतक की पहचान परमप्रीत सिंह उर्फ गुलाब के रूप में हुई है और कार चालक की पहचान दुर्ग निवासी भरत मंगनानी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है, जिस युवती के साथ मृतक के साथ प्रेम संबंध था, उसी युवती के साथ आरोपी का प्रेम प्रसंग चल रहा था। घटना दिनांक को मृतक ने युवती को भरत के साथ कार में बैठकर जाते कहीं देख लिया। इसके बाद उसने कार को रोकने की कोशिश की। इस कोशिश में मृतक कार के बोनट पर चढ़ गया। कार चालक ने कार रोकने के बजाय कार की रफ्तार बढ़ा दी, कुछ दूर जाने के बाद ब्रेक लगाया। झटका लगने से कार के बोनट पर सवार परम उछलकर गिर गया। उसके गिरने पर आरोपी कार चालक ने कार रोकने के बजाय परम को कार से कुचल दिया और मौके से फरार हो गया।

घटना का सीसीटीवी फूटेज सामने आया

घटना का सीसीटीवी फूटेज सामने आया है, जिसमें मृतक कार की छत पर लटका हुआ दिख रहा है। पुलिस ने परम के कार से कुचल कर मौत होने की बात से इनकार किया है। उनका कहना है कि परम की मौत कार की छत से सिर के बल गिरने से हुई है।

अस्पताल के गेट के सामने विवाद

प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि मृतक तथा आरोपी का एम्स गेट के पास विवाद हुआ। इसके बाद युवती कार में सवार होकर जाने लगी। दोनों को जाने से रोकने के लिए मृतक कार की बोनट पर चढ़ने के बाद छत पर चढ़ गया। लोग कुछ समझ पाते, इसके पहले कार चालक ने अपनी कार तेजी से आगे बढ़ा दी। इसके बाद हादसा हुआ।

कार चालक का पीछा कर पकड़ने की कोशिश

घटना के बाद लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी देने के साथ कार चालक को पकड़ने उसका पीछा भी किया। काफी कोशिश के बाद भी आरोपी कार चालक लोगों की पकड़ से बचकर भागने में कामयाब रहा। कुछ दूर आगे जाने के बाद युवती कार से उतर गई। युवती के बारे में जानकारी मिलने पर पुलिस युवती को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

होटल में युवती की चाकू मारकर हत्या, युवक के बुलाने पर मिलने आई थी







हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- हत्या के बाद गला रेतकर खुदकुशी करने का प्रयास
- चीख-पुकार सुन खिड़की का शीशा तोड़ कर अंदर घुसे होटल कर्मी

गंज थाना क्षेत्र के झूलेलाल चौक पर शुक्रवार को एक युवक ने एक युवती की चाकू मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी युवक ने खुद के गले पर चाकू रेत कर खुदकुशी करने की कोशिश की। युवक को गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कमरे के अंदर से चीख-पुकार सुन कर होटल कर्मियों ने खिड़की का शीशा तोड़ कर अंदर प्रवेश किया तथा घटना की जानकारी पुलिस को दी। घटना दोपहर की है। युवक मूल रूप से उत्तरप्रदेश, बनारस का रहने वाला है। उसने घटना दिनांक को बंसल पैराडाइज में रूम बुक कराया था।

युवक की पहचान कृष्णा भारद्वाज के ⏭शेष पेज 19 पर

चीख सुनकर होटल कर्मचारी पहुंचे

पुलिस पूछताछ में होटल कर्मियों ने बताया कि कमरे से युवती के जोर-जोर से चीखने की आवाज सुनाई दी। आवाज सुनकर होटल के अलग-अलग फ्लोर पर मौजूद कर्मचारी पहुंचे। कर्मचारियों ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। स्थिति संदिग्ध लगने पर कर्मचारियों ने मिलकर कमरे की खिड़की तोड़ी। खिड़की से अंदर देखने पर जो दृश्य सामने आया, उसे देखकर कर्मचारी सन्न रह गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक चाकू से अपना गला काट रहा था। युवती पर चाकू से हमला किया गया था, तब युवती गंभीर रूप से घायल मिली, जिसकी अस्पताल ले जाने के दौरान मौत हो गई।

एफआईआर के बाद पार्षद के खिलाफ महिला आयोग में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल ने महिला आयोग में शिकायत कर उचित कार्रवाई की मांग की

नगर निगम रायपुर की जोन-8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल ने पार्षद संदीप साहू के खिलाफ अब छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में शिकायत की है। उन्होंने शिकायत के जरिए आयोग को पार्षद द्वारा उनके साथ कथित अभद्रता एवं दुर्व्यवहार की जानकारी देते हुए उचित कार्रवाई करने की मांग की। नगर निगम रायपुर की जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल और पार्षद संदीप साहू के बीच हुई कहासुनी के बाद जोन कमिश्नर ने पहले इस मामले की शिकायत कोतवाली थाने में की। उन्होंने ⏭शेष पेज 19 पर

आयोग अध्यक्ष ने दिया जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन

जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. ममता साहू से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पार्षद संदीप के खिलाफ कथित अभद्रता एवं दुर्व्यवहार की शिकायत प्रस्तुत की तथा नियमानुसार उचित कार्रवाई की मांग की। राजेश्वरी ने बताया कि आयोग अध्यक्ष डा. ममता साहू ने उन्हें आश्वास्त किया है कि इस मामले को वह गंभीरता से लेंगी तथा जांच कर नियमानुसार कार्रवाई के लिए कदम उठाए जाएंगे।

आज बंद रहेंगी सभी दुकानें, एक दिन पहले लगी शराब प्रेमियों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन राजधानी रायपुर सहित पूरे प्रदेश में शराब की दुकानें बंद रहेंगी। इसे देखते हुए एक दिन पहले शराब दुकानों में ग्राहकों की दिनभर भीड़ लगी रही। आबकारी विभाग का आंकड़ा बताता है कि हर वर्ष 14 अगस्त के दिन सामान्य दिनों की तुलना में शराब की बिक्री दोगुनी होती है। दुकानों में जिस तरह से दिनभर शराब प्रेमियों की भीड़ लगी रही, इसे देखकर विभाग के अधिकारी संभावना जता रहे हैं कि इस बार भी 14 अगस्त को शराब की बिक्री दोगुनी होगी।



सावन महीना के कारण घटे शराब प्रेमी

सावन का महीना चल रहा है। इसके कारण कई शराब प्रेमी भी भगवान भोलेनाथ की श्रद्धा में डूबे हुए हैं। भक्ती में डूबे होने के कारण कई शराब प्रेमियों ने सावन खत्म होने तक शराब नहीं पीने का संकल्प भी ले रखा है। ऐसे लोग शराब खरीद भी नहीं रहे हैं।

एक दिन में 11 करोड़ से अधिक की बिक्री

विभाग से मिले आंकड़े के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में 14 अगस्त के दिन देशी और विदेशी दोनों ब्रांड की शराब की जमकर बिक्री हुई थी। देशी शराब से लगभग 4.50 करोड़ रुपए तथा अंग्रेजी शराब से 6.70 करोड़ रुपए की आय हुई थी। इस तरह एक दिन में 11.20 करोड़ रुपए से अधिक की शराब की बिक्री हुई थी। पिछले वर्ष एक दिन में हुई इस बिक्री को देखते हुए विभाग के अधिकारी इस बार भी लगभग 9 से 10 करोड़ रुपए की शराब बिक्री की संभावना जता रहे हैं।



सेहत भूमि

हेयर रिप्लेसमेंट
मात्र 1 घंटे में
बिना सर्जरी के अमेरिकन तकनीक से
Before
After
SINCE : 2004
हेयर एण्ड केयर
विविंग प्वाइंट
हेड ऑफिस शॉप 19, प्रथम तल, समवेत शिखर, एकात्म परिसर के सामने, रजबंधा मैदान, रायपुर (छत्तीसगढ़)
मो.: 9827103630
द्वितीय तल, रॉयल इंफिल्ड शोरूम के ऊपर, टाटा मोटर्स के बाजू, संजय नगर, सुपेला, जी.ई. रोड, भिलाई
मो.: 7880103630

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

स्वस्थ भारत ही विकसित भारत की नींव

किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसके नागरिकों में होती है और स्वस्थ नागरिक ही देश की प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। बदलती जीवनशैली, बढ़ता तनाव, अनियमित खान-पान और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की कमी आज अनेक चुनौतियाँ सामने ला रही हैं। ऐसे समय में स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना हम सभी की जिम्मेदारी है।

नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार, स्वच्छता, पर्याप्त नींद, योग एवं व्यायाम और चिकित्सकीय सलाह का पालन स्वस्थ जीवन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। किसी भी बीमारी के लक्षणों को नजरअंदाज करने के बजाय समय पर योग्य चिकित्सक से परामर्श लेना आवश्यक है।

आज़ादी का संकल्प — स्वस्थ परिवार, स्वस्थ समाज

इस स्वतंत्रता दिवस पर आइए हम संकल्प लें कि अपने परिवार और समाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाएँगे। बच्चों, युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखेंगे तथा आवश्यकता पड़ने पर समय पर चिकित्सकीय सलाह और उपचार प्राप्त करेंगे।

स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े सभी चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, फार्मासिस्ट, तकनीशियनों, पैरामेडिकल कर्मियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों के समर्पण को भी इस अवसर पर नमन करते हैं, जो दिन-रात समाज की सेवा में अपना योगदान दे रहे हैं।

Vedanta Diagnostics
50% Discount
MRI, CT, SONOGRAPHY, PATHOLOGY
Diagnostic Tests
Opp. Aiims Hospital Gate No. 01, Tatibandh, Raipur - 492001
7970079689, 07714348175

KPC KHANDELWAL POLY CLINIC
Minimum Medicine Maximum Efforts
(Holistic approach towards health/diseases.)
समस्त प्रदेशवासियों को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
डॉ. शैलेश खंडेलवाल
बी.एस.सी., एम.बी.बी.एस,
(गोल्ड मेडलिस्ट)
सलाहकार जनरल फिजिशियन
ओ.पी.डी. | डिजिटल एक्स-रे | सोनोग्राफी | पैथोलॉजी लैब
खंडेलवाल होम्योपैथिक स्टोर
जन औषधी केंद्र सुविधा सैनिटेरी (नैपकिन के लिए)
सभी डायग्नोस्टिक पर 50% की छूट
निःशुल्क ओपीडी (महिलाओं के लिए)
Near Laxminarayan Mandir,
Stadium Road, Kota, Raipur (492010)
0771-2575600, +91 98271-45601

श्री Amrithum
Super Speciality Hospital
Shri Amrithum
Super Speciality Hospital
100
बिस्तरों वाला
सुपर स्पेशियलिटी
अस्पताल
कार्डियोलॉजी (हृदय रोग),
एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी,
Dialysis (डायलिसिस) की सुविधा !!
सर्वोत्तम और भरोसेमंद इलाज
हमारी विशेषताएं
न्यूरोसर्जरी
रीढ़ की हड्डी का ऑपरेशन
गले और मुंह की सर्जरी
हड्डी के इलाज की सुविधा
सामान्य सर्जरी
क्रिटिकल केयर
ब्रेन ट्यूमर, ब्रेन हेमरेज
सिरदर्द, माईग्रेन की समस्या
पेन (किसी भी तरह के दर्द) क्लिनिक
• लेजर हेमोरॉइड • लेजर फिस्टुला,
• लेजर फिशर सर्जरी • लेजर वेरीकोस वेन सर्जरी
अनुभवी एवं उच्च स्तरीय चिकित्सकों की टीम
• NABH से मान्यता प्राप्त
• समस्त TPA द्वारा इलाज की सुविधा
24x7 सुसज्जित आपातकाल विभाग
जैन मंदिर के सामने, गंगा डायगनोस्टिक के पास, पचपेड़ी नाका, रायपुर (छ.ग.) 6232339100
Khanna

भाजपा कार्यालय में पवन साय करेंगे ध्वजारोहण

रायपुर। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में सुबह 8 बजे भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ध्वजारोहण करेंगे। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। इसके बाद एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में भी सुबह 9 बजे प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ध्वजारोहण करेंगे।



केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू बिलासपुर साव दुर्ग शर्मा बस्तर रमन राजनांदगांव में फहराएंगे तिरंगा

स्वतंत्रता दिवस पर साय राजधानी के मुख्य समारोह में करेंगे ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शनिवार 15 अगस्त को 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह में राजधानी रायपुर के पुलिस मैदान पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और परेड की सलामी लेंगे। वहीं मुख्यालय जिला बिलासपुर में केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, दुर्ग में उप मुख्यमंत्री अरुण साव तथा बस्तर में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगे। सामान्य प्रशासन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजनांदगांव में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सरगुजा में आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम, महासमुंद में खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, दंतेवाड़ा में वन मंत्री केदार कश्यप, कबीरधाम में उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, मनेन्द्रगढ़-







चिरमिरी-भरतपुर में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहपण करेंगे। इसी प्रकार रायगढ़ में वित्त मंत्री ओपी. चौधरी, कांकेर में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, सूरजपुर में महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, जांजगीर-चांपा में कौशल विकास एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरू खुशवंत साहेब, जशपुर में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल, बालोद में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, बलौदाबाजार में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, बेमेतरा में सांसद विजय बघेल, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में सांसद संतोष पांडेय ध्वजारोहण करेंगे।इसी प्रकार कोंडागांव में सांसद भोजराज नाग, बलरामपुर में सांसद चिंतामणि महाराज, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में सांसद राधेश्याम राठिया, गरियाबंद में सांसद रूपकुमारी चौधरी, सक्ती में सांसद कमलेश जांगड़े, बीजापुर में सांसद महेश कश्यप, सुकमा में राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह और मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी में राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ध्वजारोहण करेंगे। जिला कोरबा में विधायक अमर अग्रवाल, धमतरी में विधायक अजय चंद्राकर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में विधायक धरमजीत सिंह, मुंगेली जिला मुख्यालय में विधायक पुन्नूलाल मोहले, कोरिया में विधायक मैय्या लाल राजवाड़े और नारायणपुर जिला मुख्यालय में विधायक लता उसेंडी स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण करेंगे।

हल्द्वानी की घटना के विरोध में कांग्रेस का पैदल मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



कांग्रेस ने हल्द्वानी की घटना के विरोध में राजधानी रायपुर में पैदल मार्च निकाला। एआईसीसी महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, यह घटना बेहद आहत करने वाली और निंदनीय है। यह भाजपा की जातिगत भेदभाव, संकीर्ण मानसिकता और दलित विरोधी सोच को दर्शाती है। अगर भाजपा, आरएसएस को दलितों से इतनी ही घृणा है, तो ट्रेन, बस, हवाई यात्रा भी ना करें। इनको तो भोजन भी नहीं करना चाहिए, क्योंकि अन्न और सब्जियां भी दलितों के श्रम से ही इनके घर तक पहुंचती हैं। श्री बघेल ने कहा, अंग्रेजों के चाटुकारों के वैचारिक वंशज आज भी विभाजनकारी नीतियों पर ही चल रहे हैं।



पद्म पुरस्कार-2027

दिव्यांग क्षेत्र के 'अनसंग हीरोज़' की तलाश, राज्यों से मांगे गए नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्र सरकार ने पद्म पुरस्कार-2027 के लिए दिव्यांगजन सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले ऐसे व्यक्तियों की पहचान करने की प्रक्रिया तेज कर दी है, जिन्हें अब तक व्यापक पहचान नहीं मिल सकी है। इस प्रक्रिया में विशेष रूप से ऐसे अनसंग हीरोज़ पर ध्यान देने को कहा गया है, जिन्होंने असाधारण कार्य किए हैं, लेकिन उन्हें अपेक्षित सार्वजनिक पहचान नहीं मिल सकी है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राज्य आयुक्तों (दिव्यांगजन) को पत्र भेजकर योग्य व्यक्तियों के नामांकन भेजने का अनुरोध किया है। विभाग की उप महानिदेशक ऋचा शंकर के 29 अप्रैल 2026 के पत्र में कहा गया है कि गृह मंत्रालय द्वारा गणतंत्र दिवस 2027 पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन आमंत्रित किए गए हैं।

31 जुलाई तक ऑनलाइन नामांकन


छत्तीसगढ़ में भी जारी हुए निर्देश


केंद्र सरकार के इस पत्र के आधार पर छत्तीसगढ़ के राज्य आयुक्त (दिव्यांगजन) कार्यालय ने राज्य के सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। पत्र में कहा गया है कि पद्म पुरस्कार-2027 के लिए पात्र व्यक्तियों के नाम निर्धारित प्रारूप के अनुसार समय सीमा के भीतर उपलब्ध कराए जाएं, ताकि उन्हें केंद्र सरकार को भेजा जा सके।पद्म पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं और हर वर्ष कला, साहित्य, विज्ञान, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, लोकसेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को प्रदान किए जाते हैं। इस बार दिव्यांगजन सशक्तिकरण के क्षेत्र में काम करने वाले कम चर्चित लेकिन विशिष्ट योगदानकर्ताओं पर विशेष जोर दिया गया है।

दिव्यांग क्षेत्र के काम करने वालों को प्राथमिकता


पत्र में राज्यों से कहा गया है कि वे अपने यहां ऐसे व्यक्तियों की पहचान करें, जिनमें दिव्यांगजन भी शामिल हो सकते हैं, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में असाधारण उपलब्धियां हासिल की हों या दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और कल्याण के लिए लंबे समय तक उत्कृष्ट सेवाएं दी हों।साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि नामांकन भेजते समय यह सुनिश्चित किया जाए कि उम्मीदवार पुरस्कार के लिए वास्तविक रूप से पात्र हों, उनके कार्य एक्सीलेंस प्लस के मानकों पर खरे उतरते हों, उनका योगदान व्यापक जनहित से जुड़ा हो और कम चर्चित लेकिन अत्यंत योग्य व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जाए।








15th AUGUST INDEPENDENCE DAY







स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें















80वाँ स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

ASHA PRIDE CITY
ASHA BUILDCON
Amleshwar, Patan Road, Raipur
अपना मकान, अपना प्लॉट, अपने बजट में...
RERA APPROVED
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
जय हिन्द
K.L. SAHU
Rcc Road
Community Hall
Children Play Garden
Decorative Street Light
Covered Campus
24x7 Water Supply
Underground Electricity Fitting
Water Tank 1 Lakh Ltr. Over Head
मार्केट, पेट्रोल पंप, स्कूल, बैंक, हॉस्पिटल लगी 5 से 6 कि.मी. की दूरी में
अधिक जानकारी के लिये संपर्क करें 7898075657

VANDANA BAJAJ
pulsar NEON ₹2,000/- OFF
pulsar CARBON SINGLE SPLIT SEAT ₹3,000/- OFF
pulsar N 160 T.D.S.C ₹3,000/- OFF
Happy Independence Day
आजादी की शान, देश के नाम, बजाज के साथ अपनों के सपनों को दें उड़ान।
स्वतंत्रता का पर्व उत्सव खुशियों का साथ बजाज का
80 वाँ स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
THE ALL NEW Chetak C25
THE ALL NEW Chetak 3501
BAJAJ CHETAK
Ashram Chowk & Telibandha, Con No. : 6261260015, 0771-4083941

Marshal Geo Test Laboratory-LLP
MGTL Since 2006
STQC Certified & NABL Accredited Laboratory For Testing of Civil Engineering Materials With
Glorious 20 YEARS of Service to more than 5000+ Clients
Happy Independence Day 15 August
Testing Facilities:
1. Digital Compression Testing Machine 3000 KN with Flexural Testing Attachment
2. Digital Tri-Axial Testing Setup
3. Box Shear Testing Apparatus
4. Computerized UTM- 1000KN with Servo Control
5. Electronic Extensometer for total Elongation
6. Digital CBR Testing Machine
7. Marshal Stability Setup with Automatic Compactor.
8. Plate Bearing Test Setup EV-2 Setup
9. USPV Tester For Concrete NDT.
10. Rebound hammer PROCEQ Digital with Anvil
11. Concrete Core Cutting Setup with Honda Generator
12. Accelerated Curing Facility For Mix Design Trials
13. Concrete Permeability Setup
14. Concrete RCPT Test Setup
15. Soil Permeability & Consolidation
16. Soil Resistivity Tester
PS City Road, Near Dhelabai Sonkar Hostel, Changorabhata, Ring Road No.-01, Raipur 492013 (C.G.)
Ph. :+91 7879105072, 7879798900
Email : raipur.marshal.llp@gmial.com Web : marshalgeollp.com

SunGo Power
Energy Within, Energy Around.
MR. GULSHAN KUMAR
PM सूर्य घर योजना अब बिजली के बिल से छुटकारा
हमारे सहभागी
HAVELLS TATA POWER SOLAR adani Solar Luminous
POLYCAB EXIDE MICROTEK DIGITAL INVERTER WAAREE
+91 9111238888, +91 7000856292, +91 7000109882
web : www.sungopower.in Mail : info@sungopower.in
Address : A- 1, 2nd Floor, Satyam Square Samta Colony, Raipur (C.G.) 492001
C 103, Sector 9, in front of MMR Hospital, Kamal Vihar, Raipur (C.G.)

Palm Club Inn
HAPPY Independence DAY
Bharenga Bhata Chowk,Old Dhamtari Road, Raipur (C.G.)
79993 02607, 83198 27587
CITY OFFICE- Hotel Palm Club Inn, Rooftop 4th Floor, Punjab National Bank Building, Katora Talab, Raipur.

Modern Knowledge Educational and Welfare Society
Provides Kids Friendly Atmosphere.
Teaching By Play Way Method.
Regular Theme Based Assembly.
Health Checkup Camp.
Weekly Co-curricular Activities.
Festival Celebration.
Activity Corner (Clay, Craft, Story, Education Games, Self Grooming Etc.)
Supervision Of Classes By Closed Circuit Cameras.
Brother / Sister Concession.
CORPORATE OFFICE RAIPUR
93294-28823 78790-43213 0771-2222213
luveepnk@gmail.com
THE GOOD START
A Play School & Day Care Center
Play Group To Class VIII
Nursery
Jr.KG
Sr.KG
Day Care
Corporate office:- Near Sadhna Bhawan, Sec.-1, Raipur, Mob.: +91 9827898889
Bhatagaon- Jalgrih Marg, Near Sheetla Chowk, Raipur, Mob.: +91 9827404007, 7471119213
Professor Colony- Sec.-3, Sonkar Bhawan Raipur, Mob.: +91 9827898889

BeamingIndia
Innovate.Transform.Enhance.
15TH AUGUST INDEPENDENCE DAY
JASMEET SINGH
CATEGORY
SOFTWARE DEVELOPMENT
EVERY PIXEL, EVERY LINE OF CODE — WITH PURPOSE
YOUR WEBSITE ISN'T A PROJECT. IT'S A PERFORMANCE ASSET
www.beamingindia.com

THINK MCA / NIMCET
REACH ACME ACADEMY
INDIA'S MOST TRUSTED MCA ENTRANCE ACADEMY
"Believe in yourself, we believe in you!
JOIN OUR NEW BATCH FOR
NIMCET|CUET|MAH-MCA
2026-2027-2028
ACME मतलब NIMCET में SELECTION की गारंटी
Offline Classes
Hostel & Mess Facility
24/7 Library Facility
Online Live Course
Online Test Series
Online Recorded Course
2000+ SELECTIONS IN LAST 10 YEARS
Kartikey Pandey
BEHIND KOTA STADIUM, RAIPUR
81099-77628, 95160-01679
www.acmeacademy.in

KInd to the nature
जय बाबा गोदड़ीवाला
KHETPAL INDUSTRIES
ESTD: 2015
Love | Leadership Empowerment
HAPPY Independence DAY
स्वतंत्रता केवल अधिकार नहीं, जिम्मेदारी भी है। आइए, एक सशक्त, स्वच्छ और समृद्ध भारत के निर्माण का संकल्प लें।
SCAN TO KNOW MORE
KIndBags Leaders in W Cut NonWoven Bags
Kind EV Charging Solutions Powering a Sustainable Future
Kindeshwar The Kind Minds kindeshwarAI Golbazaar
KHC : KInd Investors Club
विविधता में एकता, प्रकृति के साथ प्रगति, यही है हमारा भारत।
Rawabhata Industrial Area, Bhanpuri, Raipur (C.G.)
9993236555 | kindeswar555@gmail.com | www. kindeswar.com

जय कैटर्स रामूजी हलवाई
शुद्ध स्वाद उत्तम व्यवस्था हमारी पहचान
स्वाद भी, सेवा भी, विश्वास भी
कैटरिंग सर्विस
सभी अवसरों के लिए
एक यादगार आयोजन के लिए स्वादिष्ट भोजन और बेहतरीन व्यवस्था का भरोसेमंद नाम
अनुभवी टीम स्वादिष्ट भोजन बेहतरीन सेवा
हमारी सेवाएँ
शादी-विवाह
जन्मदिन पार्टी
सगाई एवं रिसेप्शन
कॉर्पोरेट इवेंट
पार्टी एवं पारिवारिक आयोजन
अन्य सभी शुभ अवसर
Happy Independence Day जय हिन्द
कैसरी भवन, नयापारा रायपुर (छ.ग.)
9993399052 7974890339

राम श्याम ग्लास
RS GLASS ALL TYPES OF AUTOMOBILE GLASS
Fast & Fair
DEALER IN ALL KINDS OF AUTOMOBILE GLASS
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
FRONT GLASS REAR DOOR GLASS BACK WINDOW
राजीव गेरा
Ahamad Ji Bhai Pump, Bhilai Road, Tatibandh, Raipur
9329109448, 6260855757

SONI MOTORS
सभी कंपनी के पेट्रोल एवं डीजल मॉडलों की गाड़ीयों का मैकेनिकल, इलेक्ट्रीकल, डेंटिंग एवं पेंटिंग कार्य किया जाता हैं
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
MARUTI SUZUKI TATA HYUNDAI HONDA TOYOTA Mahindra
अम्बेडकर कॉलोनी के पास, रिंग रोड नं. - 1, रायपुर, रायपुर (छ. ग.)
मो. 9039026366, 9039026388, 9907432800, 9770532800

कपूर प्रॉपर्टी एण्ड एडवाइजर
जय हिन्द
स्वतंत्रता दिवस
समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
मनीष कपूर
जमीन एवं मकान खरीदी, बिक्री के लिए सम्पर्क करें...
LIG - 395, हाउसिंग बोर्ड, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
9407958538, 8770198009

98 HAIR STUDIO
HAIR TAPPING, BONDING & WEAVING CENTER
HAIR REPLACEMENT CENTER
Well Trained Hair Expert
Latest Equipments
World class infrastructure
Hair Tapping
Hair Bonding
स्वतंत्रता दिवस
Priyank Choudhary
Permanent Hair Extension
Hair Weaving
Microwefting
Hair Wig
M-1 Jeevan Vihar Vip Colony Besides Birla Open Mind School, Raipur
91 88788 22226
0771 4042226

जय अम्बे माँ कंस्ट्रक्शन
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कायम सिंह (मगत)
पुट्टी, पेंट, पोलिश, डीको पेंट, लेमिनेशन, वाटर प्रूफ आदि सिविल वर्क, जिप्सम बोर्ड, पी.ओ.पी. वर्क
अलौकिक धाम के सामने मेडिसिन हॉस्पिटल रोड, न्यू राजेंद्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
Mob. No. 9617932122, 9589511478

मेनचेस्टर होम केयर सर्विस
मरीज की घर पर केयर कैसे करें ?
मेडिकल इक्युपमेंट रेन्टल एण्ड केयर टेकर नर्स सर्विस
जय हिन्द
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
DR.PRADEEP KUMAR SAHU (biomedical Equipment)
कटा मोटर्स के सामने, देवपुरी, रायपुर 8888702488
शाखा : रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग 8225881587

maa AD AGENCY
MULTICONCEPT ADVERTISING AGENCY
Print Media
Flex Printing
Outdoor Activity
Electronic Media
Offset Printing
Led & Hydraulic Van
नीरज शर्मा
संदीप सिंह
Behind Land Rover Showroom Logistic Park, Ring Road No.1 Raipura, Raipur (C.G.) +91 7869187165, +917974 51591

उचित मूल्य दुकानों में खाद्यान्न का भंडारण नहीं होने से हितग्राहियों के साथ दुकानदार भी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर की बड़ी संख्या में उचित मूल्य की दुकानों में अगस्त का पहला पखवाड़ा गुजरने के बाद भी आवंटन का खाद्यान्न पहुंच नहीं पाया है, जिसके कारण इन दुकानों से हितग्राहियों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।

हरिभूमि ने शुक्रवार को शहर में संचालित कई उचित मूल्य दुकानों की पड़ताल की, जिससे पता चला कि कहीं एपीएल, कहीं बीपीएल चावल, तो कहीं चावल के साथ शक्कर एवं नमक का भंडारण भी नहीं हो पाया है। हालात यह हैं कि कुछ वार्डों के पार्षद ने भी अब दुकानों में खाद्यान्न नहीं पहुंचने के कारण हितग्राहियों को हो रही परेशानी को देखते हुए इसकी शिकायत खाद्य विभाग में की है।

ट्रांसपोर्टिंग एजेंसियां की गाड़ियां कम उपलब्ध कराने का बहाना

नागरिक आपूर्ति निगम रायपुर के अधिकारियों का कहना है कि जिन ट्रांसपोर्ट एजेंसियों को उचित मूल्य दुकानों में खाद्यान्न भंडारण कराने का ठेका दिया है, उनके द्वारा निर्धारित संख्या में प्रतिदिन गाड़ियां कम उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके कारण दुकानों में डिमांड के अनुसार भंडारण कराने में दिक्कत आ रही है। हालांकि दूसरी तरफ एक ट्रांसपोर्ट एजेंसी के प्रमुख का कहना है कि जितनी गाड़ियां प्रतिदिन लगनी है, उतनी भेजी जाती हैं। ऐसे में दुकानों में भंडारण क्यों नहीं हो रहा है, इसकी जानकारी विभाग ही बता पाएगा।

ऐसी दर्जनों दुकानें जहां भंडारण नहीं होने से वितरण प्रभावित : शहर में ऐसी दर्जनों उचित मूल्य की दुकानें हैं, जिनके दुकानदारों द्वारा मांग किए जाने के बाद भी समय-सीमा पर भंडारण नहीं हो पाया है। इससे इन दुकानों में वितरण का काम प्रभावित है।



वितरण प्रभावित होने की जानकारी आई

उचित मूल्य की दुकानों में भंडारण नहीं किए जाने से वितरण प्रभावित होने की जानकारी आई है। नागरिक आपूर्ति निगम रायपुर के अधिकारियों को निर्देशित किया जाएगा कि समय-सीमा में भंडारण हो। भंडारण समय-सीमा में क्यों नहीं किया जा रहा है, इसका पता लगाता हूं।
- **भूपेंद्र मिश्रा**, खाद्य नियंत्रक रायपुर

संकरी गलियों में खुली कई दुकानें, पहुंच नहीं पाती बड़ी गाड़ियां

शहर में कुछ वर्ष पूर्व जितनी नई दुकानें खुली हैं, उनमें ज्यादातर संकरी गलियों में खुल गई हैं। जिन ट्रांसपोर्ट एजेंसियों से अनुबंध किया गया है, उनके पास बड़ी गाड़ियों की तुलना में छोटी गाड़ियां बहुत कम हैं। बड़ी गाड़ी 7 से 9 है, तो छोटी गाड़ी अधिकतम 5 है। भंडारण कराने के लिए बड़ी गाड़ियों के फेरे ज्यादा लगवाए जा रहे हैं, जो संकरी गलियों में प्रवेश कर नहीं पातीं, वहीं छोटी गाड़ी से भंडारण कराने में एक दुकान में ही कई बार फेरे लगवाने पड़ते हैं, जिसमें डीजल का खर्च काफी बढ़ जाता है। ट्रांसपोर्ट एजेंसियां डीजल खर्च बचाने के लिए छोटी गाड़ियां नान को कम उपलब्ध करा रही हैं।

केस:1
दुकान आईडी क्रमांक 441001259 में पिछले चार दिनों से बीपीएल चावल नहीं है, जिसके कारण हितग्राहियों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।

केस:2
दुकान आईडी 441001060 में पिछले सप्ताहभर से बीपीएल चावल नहीं है, जिसके कारण वितरण बंद है। इस दुकानदार के अनुसार चावल नहीं मिलने के कारण कार्डधारी रोज उनसे विवाद कर रहे हैं।

केस:3
दुकान आईडी 442001078 में चावल के साथ शक्कर एवं नमक भी खत्म हो चुका है। दुकानदार द्वारा बार-बार मांग करने के बाद भी दुकान में खाद्यान्न का भंडारण नहीं हो पाया है।

केस:4
दुकान आईडी 441001343 में भी बीपीएल और एपीएल कोटे का चावल खत्म हो चुका है। मांग के बाद भी दुकान में अब तक भंडारण नहीं हुआ है।

खबर संक्षेप

नातिन धोबिन दाई परिसर में आज होगा ध्वजारोहण

रायपुर। छत्तीसगढ़ धोबी समाज रायपुर महानगर द्वारा ध्वजारोहण कार्यक्रम नातिन धोबिन दाई परिसर बोरियाखुर्द में प्रातः 10 बजे समाज के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष नकुल निर्मलकर पाटन जिला दुर्ग करेंगे। इस अवसर पर समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर के संदेश का पठन महानगर अध्यक्ष वरुण निर्मलकर करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रहास निर्मलकर करेंगे। समारोह में समाज के बालक बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति, खेलकूद का आयोजन दिनभर जारी रहेगा। परिसर में हो रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा और समाज के राष्ट्रीय अधिवेशन की एरूपरेखा तिथि का निर्धारण किया जाएगा। इसी प्रकार खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सामाजिक चिंतक संतराम कनौजे होंगे। टामन कन्नौजे ने जानकारी दी कि समाज के सक्रिय पदाधिकारियों का सम्मान किया जाएगा और साथ ही होनहार प्रतिभाओं को चिन्हित कर राष्ट्रीय अधिवेशन में आमंत्रित कर सम्मान किया जाएगा इस भव्य आयोजन को यादगार बनाने के लिए राजधानी में निवासरत सभी समाजजनों को स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में नातिन धोबिन दाई परिसर में पहुंचने की अपील की गई है।

यूपीएससी 21 से, रायपुर में एक केंद्र व 185 अभ्यर्थी

रायपुर। संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली द्वारा आयोजित सिविल सर्विस मेन्स परीक्षा का आयोजन 21 अगस्त, 22 अगस्त, 23 अगस्त, 29 अगस्त एवं 30 अगस्त को किया जाएगा। परीक्षा जे. आर. दानी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला, कालीबाड़ी चौक में आयोजित होगी। जिसकी प्रथम पाली सुबह 9 बजे से 12 बजे एवं द्वितीय पाली दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक संचालित की जाएगी। परीक्षा में कुल 185 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर उत्तम प्रसाद रजक को सहायक को-ऑर्डिनेटिंग सुपरवाइजर एवं रोजगार अधिकारी केदारनाथ पटेल को कंट्रोल रूम प्रभारी नियुक्त किया गया है।

भाजपा कार्यकर्ता, महिला मोर्चा तथा विभिन्न मोर्चा-प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता शामिल

तिरंगे के रंग में रंगा रायपुर, भारत माता की आरती में भी उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या रायपुर पश्चिम के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत के नेतृत्व में निकली विशाल तिरंगा यात्रा में हजारों की संख्या में क्षेत्रवासियों, भाजपा कार्यकर्ताओं, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा तथा विभिन्न मोर्चा-प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। यात्रा के समापन पर भारत माता की महाआरती भी की गई। हाथों में लहराते राष्ट्रध्वज, केसरिया साफा धारण किए हजारों युवा एवं महिलाएं, मोटरसाइकिलों का लंबा कारवां और भारत माता की जय तथा वंदे मातरम्" के गगनभेदी उद्घोष ने पूरे रायपुर पश्चिम को तिरंगामय कर दिया। तिरंगा यात्रा जिस मार्ग से गुजरी, वहां उत्सव जैसा वातावरण दिखाई दिया। विभिन्न सामाजिक संगठनों, स्थानीय नागरिकों एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा जगह-जगह चौक-चौराहों पर यात्रा का भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया गया। विशाल तिरंगा यात्रा पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम से प्रारंभ होकर तात्यापारा, रामसागर पारा, राठौर चौक, तेलघानी नाका, अग्रसेन चौक, समता कालोनी, चौबे कालोनी, रामनगर अंडर ब्रिज, कर्मा चौक, कबीर चौक से गुजरते हुए भारत माता चौक, गुढ़ियारी पहुंची। राजेश मूणत ने कहा, यह ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा किसी एक व्यक्ति अथवा संगठन का आयोजन भर नहीं थी, बल्कि राष्ट्र के प्रति रायपुर पश्चिम की जनता के अगाध प्रेम, सम्मान और स्वाभिमान की सामूहिक अभिव्यक्ति थी।

भारत माता की आरती

यात्रा के समापन के पश्चात यहां 51 पंडितों द्वारा गंगा आरती की तर्ज पर भारत माता की दिव्य एवं भव्य आरती की गई। एक साथ प्रज्ज्वलित आरती की ज्योतियां, वैदिक मंत्रोच्चार, शंखनाद और हजारों कंठों से गूंजते भारत माता के जयघोष ने पूरे वातावरण को अलौकिक बना दिया। दिव्य भारत माता आरती में रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा तथा रायपुर नगर निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे की विशेष उपस्थिति रही।

तिरंगा गौरव का प्रतीक : बृजमोहन अग्रवाल

रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने विशाल तिरंगा यात्रा की भव्यता की सराहना करते हुए कहा, स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर रायपुर पश्चिम में उमड़ा जनसैलाब देश के प्रति नागरिकों के अगाध प्रेम और सम्मान की जीवंत अभिव्यक्ति है। श्री अग्रवाल ने कहा, तिरंगा हमारी स्वतंत्रता, एकता और अखंडता का प्रतीक होने के साथ प्रत्येक भारतीय के स्वाभिमान और गौरव का प्रतीक है।

बृजमोहन के नेतृत्व में भी निकली तिरंगा यात्रा



रायपुर । रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल के नेतृत्व में शहर में एक विशाल व भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में विधायक पुरंदर मिश्रा समेत विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों, स्कूली विद्यार्थियों, और हजारों की संख्या में आम नागरिकों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। यात्रा मार्ग पर जगह-जगह नागरिकों और कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पवर्षा कर एवं गजमाला पहनाकर ऐतिहासिक स्वागत किया गया। श्री अग्रवाल ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश में 'हर घर तिरंगा' और 'तिरंगा यात्रा' की जो अलख जगाई है, उसका मुख्य उद्देश्य हमारी नई पीढ़ी को आजादी की असली कीमत समझाना और उनके दिलों में देशभक्ति का जज्बा व तिरंगे का महत्व स्थापित करना है। कार्यक्रम में विशेष रूप से पहुंचे देश के पूर्व सैनिकों का सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अभिनंदन व स्वागत किया। उन्होंने कहा, हमारे वीर सैनिकों का त्याग और समर्पण ही देश की संप्रभुता की असली ताकत है। श्री अग्रवाल ने तिरंगा यात्रा को ऐतिहासिक और सफल बनाने के लिए रायपुर भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर, सभी मंडल अध्यक्षों, पदाधिकारियों, पार्षदों और समर्पित कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए उनकी संगठनात्मक क्षमता व मेहनत की खुले दिल से सराहना की।

प्रदेश के महाविद्यालयों में दाखिले अब 31 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

उच्च शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश, पहले 14 अगस्त थी अंतिम तिथि

प्रदेश के महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में प्रवेश अब 31 अगस्त तक दिए जाएंगे।

पूर्व में महाविद्यालयों में प्रवेश की अंतिम तिथि प्राचार्य स्तर पर 31 जुलाई निर्धारित थी। कुलपति की विशेष अनुमति से 14 अगस्त तक प्रवेश दिए जा सकते थे। अंतिम तिथि गुजरने के बाद देर रात उच्च शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर इसमें वृद्धि कर दी है। छात्र अब 31 अगस्त तक महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। दाखिले के लिए अब कोई मेरिट लिस्ट जारी नहीं की जाएगी।

छात्रों को पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर प्रवेश दिए जाएंगे। विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों को इस संदर्भ में सूचित कर दिया गया है।

23 हजार छात्रों को राहत

आदेश के बाद उन महाविद्यालयों को राहत मिली है, जिनकी सीटें अभी भी पूर्ण रूप से नहीं भर सकी हैं। इसके अलावा माध्यमिक शिक्षा मंडल ने गुरुवार को दसवीं और बारहवीं कक्षा की द्वितीय परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं। बारहवीं कक्षा की द्वितीय परीक्षा में 34 हजार 493 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 23 हजार परीक्षा में उत्तीर्ण रहे। द्वितीय परीक्षा में शामिल होने वाले अधिकतर छात्र पूरक श्रेणी वाले थे। इनमें से कुछ ऐसे भी थे, जो मार्च में आयोजित परीक्षा में उत्तीर्ण रहे थे, लेकिन अंकों से संतुष्ट नहीं होने के कारण पुनः परीक्षा दी। गुरुवार को परिणाम जारी होने के बाद इन छात्रों के पास दाखिले के लिए केवल एक दिन का समय था। ऐसे में अधिकतर छात्र प्रवेश प्राप्त नहीं कर सके। अंतिम तिथि में वृद्धि पश्चात अब इन विद्यार्थियों को एक और मौका मिल गया है।

बड़े बकाएदारों के विरुद्ध निगम ने चलाया अभियान, 3 दुकानें सील, कई ने कार्रवाई के भय से तत्काल किया भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर





राजधानी रायपुर के अलग-अलग जोन क्षेत्रों में नगर निगम के राजस्व विभाग की टीम ने बड़े संपत्तिकर बकाएदारों के विरुद्ध अभियान चलाया। इस दौरान बकाया राशि का भुगतान नहीं करने पर 3 दुकानों को सीलबंद किया, वहीं कई दुकानों के मालिकों ने कार्रवाई के डर से तत्काल बकाया राशि का भुगतान किया। इसी प्रकार कुछ बकाएदारों ने बकाया राशि का भुगतान करने के लिए कुछ दिनों की लिखित में मोहलत भी मांगी है। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि दिए गए समय के भीतर बकाया राशि का भुगतान नहीं करने पर इन दुकानदारों के खिलाफ भी सीलबंद की कार्रवाई की जाएगी।

जोन 6 कमिश्नर हितेंद्र यादव के निर्देश में जोन सहायक राजस्व अधिकारी स्वाती शुक्ला सहित राजस्व विभाग की टीम ने अपने जोन क्षेत्र अंतर्गत बकाया राशि वसूली अभियान चलाया। इस दौरान चंद्रशेखर आजाद वार्ड 60 अंतर्गत तीन स्थानों पर दुकानदारों ने संपत्ति कर का भुगतान नहीं किया, जिन्हें तत्काल सीलबंद करने की कार्रवाई की। इसी प्रकार जोन 8 राजस्व विभाग ने 6 बकाएदारों के दुकानों में पहुंची। इनमें वीर सावरकर नगर वार्ड-1 में बकाएदार बदी उजमा की सीलबंद की गई संपत्ति से 2 स्थानों पर पार्ट पेमेंट के रूप में 57682 रुपए तथा 37599 रुपए का भुगतान हुआ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम वार्ड 19 में गोपाल सिन्हा, कृष्णा लाल सिन्हा की सीलबंद संपत्ति से 63497 रुपए का बकाया राशि प्राप्त किए। वार्ड 19 में बकाएदार प्रभु लाल साहू, चिंता लाल साहू की सीलबंद संपत्ति से 20862 रुपए, संत रविदास वार्ड 70 में बकाएदार मधु अग्रवाल, अजय अग्रवाल की सीलबंद संपत्ति से 431751 रुपए में से 225841 रुपए की बकाया राशि आरटीजीएस से तथा वार्ड 70 में बकाएदार शंभु लाल अग्रवाल, मदन अग्रवाल ने सीलबंद संपत्ति का 148461 रुपए की बकाया राशि का भुगतान किया। यह राशि भी आरटीजीएस से विभाग के खाते में ट्रांसफर की गई।

जोन-2 क्षेत्र में कईयों ने जमा की राशि, कई ने मांगा समय

इसी प्रकार जोन 2 अंतर्गत भी चलाए गए अभियान के दौरान इंदिरा गांधी वार्ड 27 अंतर्गत बकाएदार प्रहलाद राय पंजवानी के वर्ष 2015-16 से 2016-17 तक के बकाया राशि में से 10935 रुपए का पार्ट पेमेंट किया। देविका होटल अलका देवी ने लिखित में सम्पति कर भुगतान के लिए समय मांगा है। काबिज पुष्प भंडार सतीश जिंदल पर 176196 रुपए बकाया है। उनके द्वारा भी 17 अगस्त तक बकाया भुगतान करने लिखित में समय मांगा है। मो. अब्दुल अजीम, अब्दुल करीम, मो. गुलाम, अशफाक, मो. बसीम पर 242308 रुपए बकाया है। इन सभी ने सीलिंग की कार्रवाई के दौरान पूरी बकाया राशि का तत्काल भुगतान किया। हरप्रसाद, देवप्रसाद, द्वारिका प्रसाद दीक्षित ने भी सीलिंग कार्रवाई के दौरान 220632 रुपए बकाया राशि का भुगतान किया।

दोसा से लेकर बिरयानी सेंटर तक लापरवाही... दुकान सील, लाइसेंस निलंबित, फूड की सैंपलिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर





इडली-दोसा से लेकर बिरयानी परोसने वाले संस्थानों में खाद्य सुरक्षा नियमों की अनदेखी की जा रही है। खाद्य पदार्थों के निर्माण से बिक्री तक जांच में भारी लापरवाही मिली है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने रायपुर समेत विभिन्न जिलों में कार्रवाई करते हुए ऐसी दुकानों को सील करने के साथ लाइसेंस निलंबन किया और फूड सैंपलिंग की कार्रवाई की।

एफडीए के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की रायपुर टीम ने पचपेढ़ी नाका के मटन माफिया रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया। जांच के दौरान प्रतिष्ठान में उचित खाद्य पंजीयन का अभाव, पेस्ट कंट्रोल संबंधी दस्तावेज उपलब्ध नहीं होना, पानी की जांच रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करना, कर्मचारियों की मेडिकल फिटनेस रिपोर्ट उपलब्ध नहीं होना तथा पर्याप्त साफ-सफाई का अभाव पाया गया। खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन को गंभीरता से लेते हुए रेस्टोरेंट परिसर को सील बंद किया गया। गुरुवार को इस टीम ने बिना लाइसेंस के संचालित हो रही मेसर्स न्यू सागर बिरयानी को सील बंद किया था। बिलासपुर में होटल मद्रासी रेस्टोरेंट में वेज एवं नॉनवेज खाद्य पदार्थों को एक ही फ्रीजर में रखना, दोनों प्रकार के खाद्य पदार्थों के लिए एक ही चॉपिंग बोर्ड का उपयोग करना, कर्मचारियों का मेडिकल परीक्षण नहीं कराया जाना तथा खाद्य पदार्थों की हैंडलिंग के दौरान आवश्यक ग्लव्स का उपयोग नहीं करना जैसी गंभीर कमियां पाई गईं। संस्थान को अनुज्ञप्ति तत्काल प्रभाव से निलंबित कर प्रतिष्ठान को बंद कराया गया।

कार्रवाई लगातार जारी रहेगी

उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 एवं संबंधित नियमों के तहत नियमानुसार सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।
- **दीपक अग्रवाल**, नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन।



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई

























हरिभूमि
रायपुर, शनिवार 15 अगस्त 2026
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



जब हम आजादी की 80वीं वर्षगांठ मना रहे हैं तो जरूरी हो जाता है कि देश की आजादी में छत्तीसगढ़ के उस क्षेत्र के बारे में भी जानें, जहां स्वतंत्रता के लिए अंग्रेजी हुकूमत से दो-दो हाथ करने वाले आश्रय प्राप्त करते थे। तब पुरानी बस्ती क्षेत्र क्रांतिकारियों का केंद्रबिंदु हुआ करता था। इसमें बूढ़ापारा तालाब क्षेत्र से सटा किला था, इस क्षेत्र में भी स्वतंत्रता के दीवाने आश्रय लेते थे। इस किले को दिसंबर 1853 में रघुजी भोसले तृतीय ने बनवाया था। भोसले शासनकाल में ही पहला किला खारुन तट के पास बनवाया गया था। समय के साथ कई चीजें बदली, उनमें से किले की दीवारों से निकाले गए पत्थर भी शामिल हैं।

भोसले काल में निर्मित दो किलों पर फहराया तिरंगा दूधाधारी और जैतूसाव मठ होता था आश्रय स्थल

आजादी की 80वीं वर्षगांठ से जुड़ी यादों को इतिहासविद और महंतश्री ने किया साझा, दी अतीत की रोचक जानकारी

रायपुर। इतिहास एवं शिक्षाविद आचार्य रमेंद्रनाथ मिश्र ने संवाद के क्रम में आजादी से जुड़ी यादों को लेकर बताया कि सन 1853 में अंतिम शासक के रूप में निसंतान रघुजी भोसले तृतीय ने शासन किया। उनके बाद राजा विहीन हुए नागपुर क्षेत्र को भी डलहौजी ने हड़प नीति के तहत छत्तीसगढ़ क्षेत्र को भी अधीनस्थ किया। जब अंग्रेजों की हलचल शुरू हुई और उनके नियंत्रण के खिलाफ देशभर में आजादी के लिए विद्रोह शुरू हुआ, उन दिनों पुरानी बस्ती का बूढ़ापारा सक्रिय क्षेत्र था। इस क्षेत्र में क्रांतिकारियों को आसानी से छिपने के लिए जगह मिल जाती थी। देश के सभी बड़े नेता दूधाधारी और जैतूसाव मठ में आते एवं आगे के लिए रणनीति बनाते थे। उन दिनों किले के पत्थरों को अंग्रेजों ने सरकारी भवनों का निर्माण करने में उपयोग किया। इसके लिए कारण बताया गया कि सरकारी भवन निर्माण में उपयोग होने वाले पत्थर बाहर से लाने पर खर्च बढ़ जाएगा। इसलिए पत्थरों को निकाला गया।




वीरान क्षेत्र में जाने से घबराते थे अंग्रेज

अंग्रेजों से प्राप्त दस्तावेजों में किले के पत्थर निकालने के साथ ही उस क्षेत्र में तीन फकीरों का होना बताया गया था। आचार्य श्री मिश्र ने बताया कि जब देश आजाद हुआ, तब रायपुर में बूढ़ापारा और खारुन स्थित किला स्थल पर 1947 में तिरंगा फहराया गया था। इससे पहले यह क्षेत्र वीरान हुआ करता था। इसके चलते अंग्रेजों के जवान भी अंदर घुसने का जोखिम नहीं उठाते थे। खाने और बड़े नेताओं के आगमन की सूचना तथा उनके द्वारा लिए गए निर्णय को आगे बढ़ाने का काम करने वाले बड़े नेताओं की सक्रियता दूधाधारी मठ और जैतूसाव मठ में हुआ करती थी।

यहां से भी उठती थी विद्रोह की चिंगारी

महंत राजेश्री रामसुंदर दास ने पुरानी यादों को साझा करते हुए बताया कि गुरुओं से सुना है और कई ऐसी तस्वीरें आज भी प्रमाण हैं कि स्वतंत्रता के लिए देशभर में अंग्रेजी हुकूमत के बीच हुए विद्रोह की चिंगारी यहां से भी उठती थी। तब सेनानी खुद को बचाने और समय पर प्राप्त सूचना को आगे बढ़ाने के लिए किले, खो-खो तालाब सहित जैतूसाव मठ में भी आश्रय लेते थे। उन्होंने बताया कि श्री दूधाधारी मठ के महंत राजेश्री वैष्णव दास महाराज स्वयं स्वतंत्रता की लड़ाई का हिस्सा थे। इसी तरह जैतूसाव मठ के महंत लक्ष्मीनारायण दास की सक्रिय भागीदारी के चलते क्रांतिकारियों को रहने एवं भोजन के साथ आर्थिक सहयोग भी मिलता था।



भारत हमको जान से प्यारा है...

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर देशभक्ति से ओतप्रोत तिरंगा शक्ति फेस्ट



स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर तिरंगा शक्ति फेस्ट के ग्रैंड फिनाले का भव्य आयोजन हुआ। शुक्रवार को शाम 5.30 बजे से शहीद स्मारक भवन में कार्यक्रम के मंच पर प्रतिभागियों ने देशभक्ति गीत-संगीत की अनुपम प्रस्तुति से लोगों में राष्ट्रप्रेम का जज्बा जगा दिया। ग्रैंड फिनाले की शुरुआत भारत हमको जान से प्यारा है...गीत से हुई। इस देशभक्ति गीत से पूरा शहीद स्मारक भवन गूंज उठा। छत्तीसगढ़ संस्कृति विभाग, नगर निगम और कला केंद्र के सौजन्य से यह आयोजन किया गया। इस फेस्ट में 200 प्रतिभागियों में से 31 प्रतिभागियों ने फेस्ट के ग्रैंड फिनाले में जगह बनाई। इन चयनित 31 प्रतिभागियों ने देशभक्ति गीतों, शास्त्रीय नृत्य, सोलो एवं ग्रुप सिंगिंग, सोलो एवं ग्रुप डांस, फैंसी ड्रेस, ड्राइविंग एंड पेंटिंग, पॉयट्री ओपन माइक, इंस्ट्रूमेंटल म्यूजिक एंड बैंड परफॉर्मेंस से कार्यक्रम में समां बांधा। ग्रैंड फिनाले में प्रतिभागियों ने जजेस के समक्ष थीम बेस्ड लाइव परफार्मेंस से इंप्रेस जमाया। वहीं दर्शकों, प्रतिभागियों के पैरेंट्स एवं कलागुरु तिरंगा शक्ति फेस्ट के ग्रैंड फिनाले में प्रतिभावान कलाकारों की कमाल की प्रस्तुति से मंत्रमुग्ध हुए।

देशभक्ति गीतों पर झूमे दर्शक

इस मंच पर हर वर्ग के प्रतिभावान कलाकारों ने देश के विविध कला संस्कृति के रंगों की छटा बिखेरी। कलाकारों ने देश रंगीला... विजयी विश्व तिरंगा प्यारा...देशभक्ति गीतों व सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी। इस दौरान दर्शक झूमते रहे। इसके अलावा प्रतिभागियों ने शास्त्रीय संगीत-नृत्य, आध्यात्मिक थीम पर भक्ति गीत, क्लासिकल, सेमी क्लासिकल चार थीम पर भव्य प्रस्तुति ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या को यादगार बना दिया।

स्वतंत्रता दिवस समारोह आज : पुलिस परेड ग्राउंड पर मिनट टू मिनट कार्यक्रम

राजधानी में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। प्रदेश का मुख्य स्वतंत्रता दिवस समारोह पुलिस परेड ग्राउंड पर शनिवार को होगा, जहां प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय स्वतंत्रता दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। पुलिस परेड ग्राउंड पर स्वतंत्रता दिवस समारोह का मिनट टू मिनट कार्यक्रम तय किया गया है। सुबह 8.55 बजे मुख्यमंत्री का आगमन, 8.56 बजे मुख्यमंत्री का मंच पर आगमन, राष्ट्रीय गीत, ध्वजारोहण, राष्ट्रीय धुन एवं परेड द्वारा सलामी। सुबह 9.02 से 9.25 बजे तक परेड का निरीक्षण एवं परेड का मार्चपास्ट। 9.25 से 9.45 बजे तक मुख्यमंत्री द्वारा राज्य की जनता के नाम संदेश वाचन। सुबह 9.45 से 10.10 बजे तक पदक अलंकरण एवं पुरस्कार वितरण। सुबह 10.10 से 10.20 बजे तक परेड का प्रस्थान एवं परेड कमाण्डरों का परिचय। सुबह 10.20 बजे से 10.24 बजे तक मुख्यमंत्री द्वारा परेड कमाण्डर एवं पदक विजेताओं के साथ छायाचित्र का कार्यक्रम। सुबह 10.24 से 10.34 बजे तक पुलिस बैंड द्वारा प्रदर्शन। 10.34 से 10.44 बजे तक हॉर्स-शो। 10.44 से 10.52 तक डॉग-शो। 10.52 से 11.12 बजे तक स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रदर्शन। 11.13 बजे मुख्यमंत्री का समारोह स्थल से प्रस्थान होगा।

हर घर तिरंगा के संदेश के साथ एनसीसी गर्ल्स कैडेट ने निकाली जागरूकता रैली



आजादी के अमृत भाव को जन-जन तक पहुंचाने और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 8 छत्तीसगढ़ गर्ल्स बटालियन एनसीसी, रायपुर द्वारा लखोली ग्राम में 'हर घर तिरंगा' जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व कैंप कमांडेंट कर्नल प्रणब कुमार सरकार ने किया। इसमें 285 गर्ल कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में तिरंगा लेकर कैडेट्स ने गांव में रैली निकालकर ग्रामीणों को 'हर घर तिरंगा' अभियान के प्रति जागरूक किया और प्रत्येक घर में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया। रैली के दौरान कैडेट्स ने देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता से जुड़े नारों के माध्यम से ग्रामीणों में राष्ट्रप्रेम की भावना जगाई। 8 छत्तीसगढ़ गर्ल्स बटालियन एनसीसी की यह पहल देशभक्ति, सामाजिक जागरूकता और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास रही।

सीएम साय ने धर्मगुरु सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन से की भेंट

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को दाऊदी बोहरा समुदाय के प्रमुख, धर्मगुरु सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन से भेंट की। उन्होंने सैयदना साहब का छत्तीसगढ़ में स्वागत किया और राज्य के विकास में दाऊदी बोहरा समुदाय के योगदान की सराहना की। मुख्यमंत्री ने राज्य के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में दाऊदी बोहरा समुदाय के सकारात्मक योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने रायपुर में बोहरा परिवारों की लंबे समय से मौजूदगी तथा शहर के व्यापारिक क्षेत्र और व्यापक सामाजिक जीवन में उनकी सक्रिय भूमिका का उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने समुदाय की फैज अल-मवाइद अल-बुरहानियाह सामुदायिक रसोइयों की भी सराहना की, जिनके माध्यम से विश्वभर में दाऊदी बोहरा परिवारों को प्रतिदिन भोजन उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने बच्चों द्वारा तकनीक के जिम्मेदार उपयोग को लेकर सैयदना साहब के मार्गदर्शन का भी स्वागत किया, जिसमें बच्चों को स्मार्टफोन के हानिकारक प्रभावों से बचाने पर विशेष जोर दिया गया है।

दाऊदी बोहरा समुदाय के सदस्यों से मुलाकात करेंगे



धर्मगुरु सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन ने अपनी यात्रा के दौरान उन्हें, उनके परिवार तथा समुदाय के सदस्यों को दिए गए आतिथ्य के लिए मुख्यमंत्री और छत्तीसगढ़ सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे विकास एवं जनकल्याण के प्रयासों की भी सराहना की। सैयदना साहब ने राज्य के आदिवासी बच्चों की शिक्षा एवं कल्याण के लिए एक राशि का योगदान भी दिया। बैठक में राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, सैयदना साहब के साथ आए वरिष्ठ सदस्य तथा स्थानीय दाऊदी बोहरा समुदाय के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। धर्मगुरु सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन एक दशक के अंतराल के बाद पहली बार छत्तीसगढ़ की यात्रा पर हैं। रायपुर के बाद वे बिलासपुर, तखतपुर और भाटापारा का दौरा कर दाऊदी बोहरा समुदाय के सदस्यों से मुलाकात करेंगे।

नामदेव महिला प्रकोष्ठ ने सेलिब्रेट किया हरियाली तीज का त्योहार

महिलाओं ने श्रीकृष्ण एवं नामदेव महाराज की पूजा-अर्चना कर मनाई हरियाली तीज

रायपुर। नामदेव समाज विकास परिषद जिला शाखा की महिला प्रकोष्ठ ने भव्य हरियाली तीज के त्योहार का आयोजन शुक्रवार को वृंदावन हॉल में किया। इस आयोजन में प्रकोष्ठ की महिलाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस दौरान जिला महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष लता नामदेव ने कहा कि प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी की महिला सदस्यों ने एकता का संदेश देकर, हरियाली तीज का त्योहार मनाकर बड़ा इतिहास रचा है। कार्यक्रम संपन्न होने के पहले सभी महिलाओं ने श्रीकृष्ण भगवान एवं नामदेव महाराज की पूजा-अर्चना में भाग लिया। कार्यक्रम में रायपुर के अलावा बेमेतरा, महासमुंद, कोरबा की कार्यकारिणी सदस्य शामिल हुईं।



उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम की रूपरेखा सभी बहनों तक पहुंचाई और उन्हें आमंत्रित किया, जिन्होंने सहजता से हमारा यह आमंत्रण स्वीकार किया और कार्यक्रम में आकर इसकी शोभा बढ़ाई। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आगे का कार्यक्रम और अच्छा करने की कोशिश करेंगे, जिसमें छत्तीसगढ़ नामदेव समाज की सभी महिलाओं को एकत्रित करने की कोशिश करेंगे। इस उत्सव में महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिसमें गायन, शेरो-शायरी भजन और हरियाली तीज क्वीन और सावन क्वीन का आयोजन भी किया गया।

तीज क्वीन का ताज डॉ. श्यामली के नाम

तीज क्वीन में डॉ. श्यामली नामदेव एवं सावन क्वीन में डॉ. श्वेता नामदेव ने प्रथम स्थान पाया। प्रोग्राम में जितने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए, उन सभी लोगों को पुरस्कार वितरण किया गया। हरियाली सावन तीज महोत्सव में जितनी भी महिलाएं आईं, उनका स्वागत हल्दी कुमकुम से और बैच लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम समाप्त होने पर सभी महिलाओं को रिटर्न गिफ्ट भी दिया गया।



आस्क पैराडाइज सोसायटी में महिलाओं ने धूमधाम से मनाया सावन उत्सव



रायपुर। आस्क पैराडाइज सोसायटी में महिलाओं ने सावन उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए विभिन्न मनोरंजन खेलों के साथ तंबोला का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सावन उत्सव के दौरान 'सावन सुंदरी' प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रही। इसमें मधु तिवारी प्रथम और सुमन कनोई द्वितीय स्थान पर रहीं। इसके अलावा विभिन्न मनोरंजन खेलों में भी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में कोमल अठवानी और दीप्ति झा की भूमिका सराहनीय रही। इस अवसर पर सोसायटी की अध्यक्ष किरण तिवारी, कोषाध्यक्ष केवल वर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। सभी ने सावन के गीत-संगीत, खेल और मनोरंजक गतिविधियों का आनंद लेते हुए उत्सव को यादगार बनाया।



पर्यावरण अभियान, ग्रीन आर्मी ने लगाए पौधे



रायपुर। पर्यावरण संरक्षण, हरियाली संवर्धन एवं जन-जागरूकता के उद्देश्य से ग्रीन आर्मी टीम गोबरा नवापारा एवं रायपुर ने गुरुवार को वृहद पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान चलाया। इस दौरान ग्रीन आर्मी टीम के संस्थापक अध्यक्ष अमिताभ दुबे ने अभियान का मुख्य उद्देश्य, अधिकाधिक पौधे लगाकर उनके संरक्षण की जिम्मेदारी समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित एवं हरित पर्यावरण का निर्माण आदि बताया। ग्रीन आर्मी टीम नवापारा की अध्यक्ष रेणुका तिवारी ने पौधारोपण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। श्री दुबे ने इस दौरान पौधा रोपा। अभियान में ग्रीन आर्मी के संस्थापक श्री दुबे, नीलू अवधिया ब्राह्मणपारा जोन अध्यक्ष, डॉ. राधिका यादव स्टेट को-ऑर्डिनेटर ग्रीन आर्मी, सीमा सिंह सेजबहार समेत ग्रीन आर्मी टीम के अनेक सदस्य एवं पर्यावरण प्रेमी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। अभियान में श्री गोपाल गोशाला का भी सहयोग एवं सहभागिता रही। ग्रीन आर्मी टीम गोबरा नवापारा से संजू वर्मा, अंजू अग्रवाल, गोपेश्वरी साहू, दुर्गेश सोनी, रंजीता साहू, पिंकी दिनेश देवांगन, शंकर यादव, रामकुमार, मीरा साहू, डिलन कावले, संगीता साहू, मंजू साहू, ममता साहू, वर्षा मिश्रा, संतोष प्रकृति, तिलिस्मा मिथिलेश साहू, वंदना साहू, देवकी साहू, रत्ना साहू, सारिका अजय सिंह ठाकुर व अन्य सदस्यों सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

साक्षरता चौपाल में शामिल होने नागरिकों को न्योता



रायपुर। 15 अगस्त के अवसर पर आयोजित होने वाले उल्लास महा-चौपाल को सफल एवं जनभागीदारीपूर्ण बनाने के उद्देश्य से जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) द्वारा आज जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से लोगों को साक्षरता के महत्व एवं उल्लास महा-चौपाल के उद्देश्यों से अवगत कराया गया। रैली के पश्चात स्वयंसेवी शिक्षकों एवं कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर नागरिकों को महा-चौपाल में शामिल होने का न्योता दिया तथा असाक्षर व्यक्तियों को साक्षर बनाने के अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य जुगल किशोर अग्रवाल, उप प्राचार्य संगीता यादव, उल्लास प्रभारी अजय मिश्रा समस्त अकादमिक सदस्य, स्वयंसेवी शिक्षक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पेज 11 के शेष

होटल में युवती की...

रूप में हुई है, मृतका की पहचान मोहला-मानपुर निवासी रिमन मंडावी के रूप में हुई है। होटल के रजिस्टर में युवती ने नियमानुसार चेक इन किया था। होटल के सीसीटीवी में मिले फूटेज के अनुसार युवती के रूम के अंदर जाने के एक से दो घंटे के भीतर खूनी वारदात हुई है। कमरे के अंदर जाने के बाद युवती एक बार रूम से बाहर निकली है। इसके तत्काल बाद वह पुनः कमरे के अंदर दाखिल हो गई। कमरे के अंदर दाखिल होने के कुछ देर बाद युवती की हत्या कर दी गई। घटना दोपहर 3.30 बजे से 3.45 बजे की है।

पुलिस कर रही जांचः युवक और युवती के बीच कैसे संबंध थे। दोनों एक दूसरे के संपर्क में कैसे आए, पुलिस इसकी जांच कर रही है। हत्या के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग के एंगल से भी पुलिस जांच कर रही है। युवक के बयान के बाद ही हत्या के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

एफआईआर के बाद...

अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि संदीप साहू ने उनके साथ अभद्रता एवं दुर्व्यवहार कर धमकी दी है। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने एफआईआर कर इस मामले को जांच में लिया है। इधर दूसरी ओर इस मामले में संदीप साहू ने जोन कमिश्नर पर कमीशनखोरी करने का आरोप लगाया है। जोन कमिश्नर पर पार्षद ने आरोप लगाया है कि सफाई कर्मियों के भुगतान के नाम पर ठेकेदारों से कमीशन मांगती हैं। पार्षद द्वारा लगाए गए इन आरोपों के बाद जोन कमिश्नर ने अब इस घटना को लेकर महिला आयोग में शिकायत की है।













HAVELLS
adani Solar
WAAREE One with the Sun
vikramsolar

हर दिन मुफ्त बिजली का आनंद
स्मार्ट एवं सेफ सोलर इन्वर्टर
सोलर ग्रिड-ट्राई इन्वर्टर
3.3 kw और 5 kw

क्या आपका सोलर स्ट्रक्चर 25 साल चलेगा...? आईये हम देते हैं 25 साल चलने वाला सोलर स्ट्रक्चर

INDEPENDENCE DAY OFFER
3 KW SOLAR SYSTEM
PAR
1 INDUCTION CHULHA FREE

10 YEAR WARRANTY

सरकार द्वारा
₹1,08,000
अनुदान राशि
सुपर प्रीमियम क्वालिटी

सुविधा :-
- उच्च दक्षता वाला पैनल एवं इन्वर्टर
- 4-5 एमएम मोटाई वाला एमएस हॉट डीप स्ट्रक्चर
- एसी-डीसी कॉपर केबलिंग प्रीमियम क्वालिटी ब्राण्ड के साथ
- उच्च गुणवत्ता वाले एवएमएस पीवीसी पाइप एवं एमएस नट-बोल्ट
- 5 साल की इंश्योरेंस पॉलिसी सुविधा उपलब्ध

सोलर पैनल आप कहाँ लगा सकते हैं ?
- घर की छत पर (Residential Rooftop)
- दुकान एवं शोरूम पर
- ऑफिस एवं कमर्शियल बिल्डिंग्स में
- फैक्ट्री एवं इंडस्ट्रियल एरिया में
- फार्म हाउस, स्कूल एवं हॉस्पिटल में

RAREBOX SOLAR
Authorised channel partner Havells
Rarebox LLP, Opp. SBI ATM, Ashwani Nagar, Raipur (C.G.)
96301 31550
90390 15615

15 अगस्त

स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएँ

RADIANT STAR PUBLIC HR. SEC. SCHOOL DHARSIWA

From class Nursery to 12th (Maths, Commerce, Bio)

Mob. 6262820203 | Mob. 7771020203

BALDAU RAM SAHU
DIRECTOR

MITESH SAHU
MANAGING DIRECTOR

RADIANT STAR PUBILC HIGHER SECONDARY SCHOOL DHARSIWA, RAIPUR (C.G.)

विद्या विनियं विवेक योगः क्षमंसु कौशलम्

Since 2007

15 अगस्त

समस्त क्षेत्रवासियों को

स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएँ

आज़ादी केवल एक शब्द नहीं, यह साँसों की रवानी है,
गंगा का निर्मल बहता जल, वीरों की अमर कहानी है।
इसे सहेज कर रखना यारों, यह लहू से सींची गई ज़मीन,
इसकी हवा में घुली हुई है हर भारतीय की आस हसीन।

मा. अनुज शर्मा जी
विधायक धरसींवा

भावेश ध्रुव

पप्पू ध्रुव

श्रीमती संगीता पप्पु ध्रुव
सरपंच चरौदा

विनीत : समस्त ग्रामवासी चरौदा (धरसींवा)

15 अगस्त

स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं...

मा. अनुज शर्मा जी
विधायक धरसींवा

ऐ मेरे वतन के लोगों तुम खूब लगा लो नारा,
ये शुभ दिन है हम सब का लहरा लो तिरंगा प्यारा,
पर मत भूलो सीमा पर वीरों ने है प्राण गँवाए,
कुछ याद उन्हें भी कर लो जो लौट के घर न आये।

श्रीमती कुमारी आडिल
(सरपंच ग्राम पंचायत मांढर)

विनीत
समस्त पंचगण
एवं ग्रामवासी मांढर

हनुमंत आडिल
अध्यक्ष भाजयुमो बोहरडीधाम मंडल

15 अगस्त

स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं...

कौशल साहू
प्राधिकृत समिति, धरसींवां

पुरूषोत्तम यादव
प्राधिकृत समिति, कुंरा

दिलेन्द्र बंछोर
प्राधिकृत समिति, सोण्डरा

यसवंत वर्मा
प्राधिकृत समिति, पन्डरभट्ठा

लीला राम वर्मा
प्राधिकृत समिति, देवरी

कमलकांत वर्मा
प्राधिकृत समिति, मोहदी

जागेश्वर वर्मा
प्राधिकृत समिति, कुम्हारी

परमानंद वर्मा
प्राधिकृत समिति, गिरौद

अरविंद गोयल
प्राधिकृत समिति, परसतराई

वी.पी. सोनी
पर्यवेक्षक

सी.एस. ठाकुर
शाखा प्रबंधक धरसींवा

बलिदानों का सपना जब सच हुआ तभी देश आजाद हुआ
आओ सलाम करे उन वीरों को जिनकी शहादत से यह भारत स्वतंत्र हुआ....

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रायपुर, शाखा धरसींवां

सारे जहाँ से अच्छा, हिन्दोस्तां हमारा
हम बुलबुलें हैं इसकी, यह गुलिसतां हमारा

शिवांश इंटरनेशनल स्कूल

परिवार की ओर से
समस्त देशवासियों को

समस्त क्षेत्रवासियों को

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएँ

आजादी की कभी शाम नहीं होने देंगे
शहीदों की कुबार्नी बदनाम नहीं होने देंगे
बची है जो एक बूंद लहू की तब तक
भारत माता का आंचल नीलाम नहीं होने देंगे

प्रस्तुति : हेमंत वर्मा, संवाददाता, हरिभूमि / आई.एन.एच. न्यूज धरसींवां, मो. 916577445

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

मान. श्रीमती अनिता शर्मा
संरक्षक

श्री अजेय शुक्ला
सलाहकार

श्री विक्की नालिया
सलाहकार

श्री सोनु सिद्धु
सलाहकार

मान. श्री अनुज शर्मा
संरक्षक

छत्तीसगढ़ औद्योगिक परिवहन कल्याण संघ (रजि.)

श्री लखविन्दर सिंह लक्की
अध्यक्ष

सिलतरा, रायपुर

---

15 अगस्त

समस्त क्षेत्रवासियों को

स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएँ



श्रीमती शांति वर्मा
सरपंच ग्राम पंचायत सिलतरा

रामकुमार वर्मा
उपसरपंच ग्राम पंचायत सिलतरा

पंचगण : श्रीमती मीरा सारंग, श्री करण मैरिषा, श्री आदित्य कुमार बघेल, श्री भीखेश्वर साहू, श्रीमती बेला बाई पाल, श्री चन्द्रकिशोर यादव, श्रीमती जागृति वर्मा, श्रीमती छोटी वर्मा, श्री शुभम वर्मा, श्री महेश यादव, श्रीमती चम्पा वर्मा, श्रीमती लीला बाई साहू, श्रीमती अन्नपूर्णा पाण्डेय, श्री अजय शर्मा, श्रीमती पार्वती सिंह, श्रीमती जानकी राजगोड़, श्री दीपक कुमार वर्मा, श्रीमती सुरेखा कन्नौजे, श्रीमती दिव्या देवी विश्वकर्मा

---

15 अगस्त

RAJ PROPERTY
Your Trust Your Believe

समस्त क्षेत्रवासियों को

स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएँ



इरशाद खान

विनीतः-

राज प्रॉपर्टी
धरसीवा



अधि. एम खान (एम.ए.एल.एल.बी.)

---

15 अगस्त

स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं...

हर घर में तिरंगा लहराए,
हर दिल भारत गीत सुनाए।
वीरों की गाथा गूंजे हर ओर,
मेरा भारत बढ़ता जाए हर ओर।



श्रीमती प्रीति भरत सोनी
सभापति धरसींवा

भरत सोनी
पूर्व मंडल अध्यक्ष विधानसभा धरसींवा



प्रस्तुति : हेमंत वर्मा, संवाददाता, हरिभूमि / आई.एन.एच. न्यूज धरसीवां, मो. 916577445


आप सभी को
भारतीय आजादी के महापर्व
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं ।
15th August
आशीष वर्मा
अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धरसीवां
विनितः समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धरसीवां ।


भारतम्
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
राजेन्द्र पप्पू बंजारे
अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी, रायपुर ग्रामीण
विनीत- एक शुभचिंतक सिलीयारी


ग्राम पंचायत निमोरा की ओर से
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती गौरी पारधी
सरपंच ग्रा.पं. निमोरा
श्री राजेश चंदेल
सचिव ग्रा.पं. निमोरा
श्री हेमंत साहू
उपसरपंच ग्रा.पं. निमोरा
पंचगण : श्रीमती ओमिन साहू, श्री समेलाल साहू, श्रीमती लीला बाई निर्मलकर, श्रीमती रेणु बाई साहू, श्रीमती लिलेश्वरी साहू, श्री कृष्ण कुमार भारती, श्रीमती दुर्गा साहू, श्रीमती उत्तरा बाई चौहान, श्री सुमंत सूर्यवंशी, श्री डोमेश कुमार साहू, श्रीमती शांति पाठक, श्रीमती असमत बाई बंजारे, श्री ललित कुमार पटेल, श्री पवन कुमार साहू, श्री यशवंत रात्रे, श्रीमती शारदा यादव


स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
श्री लक्ष्मी ज्वेलर्स
97530
99338
आकर्षक एवं नवीनतम डिजाइनों में सोने एवं चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता !
आइए, देश की आन, बान और शान को बनाए रखें, एकजुट होकर राष्ट्र के निर्माण में योगदान दें।
श्री लक्ष्मी ज्वेलर्स, बाजार चौक सिलयारी


15 अगस्त
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
श्रीमति रूखमणी साहू
सरपंच, ग्रा.पं- कुरूद (सिलयारी)
गजेन्द्र साहू
उपसरपंच, ग्रा.पं- कुरूद (सिलयारी)


15 अगस्त
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
मा. अशोक सिन्हा जी
प्रदेश महामंत्री - भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा छत्तीसगढ़


स्वतंत्रता 80 दिवस
15 AUGUST 2026
80 वाँ
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा हम बुलबुले हैं इसकी
यह गुलसिता हमारा, भारत माता की जय, वंदे मातरम।
शुद्धता
विश्वास
परंपरा
हर पल आपके साथ...
घासीराम भगवतीचरण ज्वेलर्स
ज्वेलर्स
Since 1929
स्टेशन रोड सिलयारी
संपर्क : 7803078789


15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
R CONSTRUCTION
CIVIL CONTRACTOR | BUILDING MATERIAL SUPPLIER
Mr. Rajkumar
8966940000
8966860000
हमारे यहाँ सभी प्रकार का कंस्ट्रक्शन का कार्य व बिल्डिंग मटेरियल सप्लाई किया जाता है।
हमारी सेवाएं
बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन
मटेरियल सप्लाई
लेबर कॉन्ट्रेक्ट
रोड व अर्थवर्क
राजकुमार साहू
कुंदन वर्मा
VIP Villas Commercial Complex, Shop No. F-02,
VIP CITY RAIPUR CHHATTISGARH
rajkumarsahu1982r@gmail.com







प्रस्तुति : हेमंत वर्मा, संवाददाता, हरिभूमि / आई.एन.एच. न्यूज धरसीवां, मो. 916577445


80 वे स्वतंत्रता दिवस
समस्त प्रदेशवासियों को एवं क्षेत्रवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
ईश्वरी बिहारी भारती
जनपद सदस्य धरसींवा
बिहारी लाल भारती
पूर्व सरपंच
जय हिन्द ! वंदे मातरम् !


आज़ादी के अमृत महोत्सव में आइए मिलकर देश को नई ऊँचाइयों पर ले चलें।
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
15 अगस्त
मेरा भारत महान
आजादी का अमृत महोत्सव
सशक्त भारत
समृद्ध भारत
विकसित भारत
शेखर यादव
मण्डल अध्यक्ष
सिलयारी,ब्लाक-धरसींवां
जय हिन्द


समस्त क्षेत्रवासियों को
15th August स्वतंत्रता दिवस
एवं
रक्षाबंधन
की हार्दिक शुभकामनाएं।
भावेश बघेल
कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस कमेटी
(ओबीसी विभाग)छ.ग.


समस्त ग्रामवासियों को
हरेली, 15 अगस्त, रक्षा बंधन
के पावन पर्व पर आप सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं
रघुनाथ साहू
सरपंच-ग्राम पंचायत सांकरा
श्रीमती रेणुका वर्मा
सचिव
विनित समस्त ग्रामवासी एवं पंचगण ग्राम पंचायत सांकरा


80 वे
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई शुभकामनाएं
अनुज शर्मा विधायक
धरसींवा
अंजय शुक्ला
उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थनीय स्वास्थ्य पस्परा एवं औषधि पादप बोर्ड का उपाध्यक्ष
हरिशंकर वर्मा बोहरही मंडल अध्यक्ष
केदार वर्मा
रुखमणी निवारे महामंत्री
विकास शर्मा मंडल मंत्री बोहरही
अशोक साहू महामंत्री बोहरही
अजय देवांगन युवा मोर्चा रायपुर ग्रामीण कोषाध्यक्ष
बंटी शर्मा
श्रीकांत पवार
रिखीराम साहू
विनीत – बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जिला सह संयोजक केदार वर्मा।


Gauri Ganesh
SAGAR TMT & PIPES
मजबूती और विश्वास का नया नाम...
A PRODUCT OF PANKAJ GROUP...
हमारे सपनों का देश, हमारे संविधान की शान,
गोरी गणेश एंव सागर TMT & PIPES की तरफ
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं...
4th floor, Harshit Corporate, Amanaka Raipur
mkt@sagartmt.com, mkt@sagarpipe.com
www.pankajgroup.co.in


समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं...
संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड, कुथरेल


MAHENDRA
MAHENDRA SPONGE & POWER LTD.
80 वें स्वतंत्रता दिवस
80वें स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
15 अगस्त 2026 के पावन अवसर पर
लोकतांत्रिक गणराज्य भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस की समस्त देशवासियों,
ग्राहकों, सहयोगियों एवं कर्मचारियों को
श्री MAHENDRA SPONGE & POWER LTD. परिवार
की ओर से हार्दिक बधाई एवं मंगलमय शुभकामनाएँ।
आइए, हम सभी राष्ट्र की एकता, अखंडता और समृद्धि के संकल्प को
और अधिक सुदृढ़ करें तथा देश के विकास में अपना अमूल्य योगदान दें।
जय हिंद!
वंदे मातरम्!
PLOT NO.76-77 PHASE-II INDUSTRIAL AREA SILTARA RAIPUR 493111 (CG)


SHIVAM
Pipe & Tubes
MAKE IN INDIA
IS 10748 2004
IS 3601 2006
IS 1161 2014
IS 4923 2017
विश्वास मज़बूती का
वादा सादियों का
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
Shivam Steel Corporation
Behind JK Complex, Village- Sankara, Bilaspur Road, Raipur (C.G.) 493221
+91 96692 67888, +91 96693 07888
shivamsteel07@gmail.com | www.sscpipeandtubes.com | sscpipeandtubes

पीपला फाउंडेशन ने बांटे तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



शुक्रवार को घर-घर तिरंगा अभियान के तहत नगर के स्वयंसेवी संगठन पीपला वेलफेयर फाउंडेशन के सदस्यों ने तिरंगा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान स्कूली बच्चों, नागरिकों एवं व्यवसायियों को निःशुल्क तिरंगे भेंट किए गए। तिरंगा लेकर बच्चे खासे उत्साहित नजर आए। हाथों में तिरंगा लेकर उन्होंने देशभक्ति के नारे लगाकर आसपास के माहौल को तिरंगामय कर दिया। फाउंडेशन के सदस्यों ने लोगों से अपील की, कि 15 अगस्त पर हर घर में तिरंगा फहराकर देश के प्रति सम्मान व्यक्त करें। इस अवसर पर संस्था से दूजेराम धीवर, महेंद्र कुमार पटेल, कोमल लाखोटी, संजय मेश्राम, दुर्गेश निर्मलकर, रमेश देवांगन, नीरज साहू सहित अन्य सदस्य विशेष रूप से मौजूद रहे। सभी ने लोगों को राष्ट्रभक्ति और एकता का संदेश देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से नई पीढ़ी में देशप्रेम की भावना मजबूत होती है।

आजादी की पूर्व संध्या पर लक्ष्मी विहार में पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर लक्ष्मी विहार कॉलोनी में हरियर छत्तीसगढ़ का सपना साकार करने तथा जनमानस को पर्यावरण जागरूकता का संदेश देने हेतु विकास समिति द्वारा शिव मंदिर के समीप वाटिका में पौधरोपण किया गया। इस मौके पर कनेर, गेंदा, विद्यापत्ती, चंपा, अशोक आदि पौधों का रोपण किया गया। कॉलोनी अध्यक्ष पवन चंद्राकर, सनातन धर्म परिषद के भागवत प्रवक्ता पं. छत्रधर दीवान, अमरीका साहू, किरण दीवान, सीमा निषाद, प्रिया आदि ने इस पुण्य कार्य में श्रमदान कर अपना सहयोग प्रदान किया। पं. दीवान ने प्रकृति की महिमा उद्घाटित करते हुए कहा कि जहां वृक्षारोपण से



अश्वमेध यज्ञ का पुण्य प्राप्त होता है, वहीं दूसरी ओर प्रकृति को क्षति पहुंचाने व पेड़ काटने से गौहत्या का दोष लगता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के प्रति प्रेम भी ईश्वर भक्ति का अनूठा उदाहरण है, इसलिए जल, जंगल, जमीन की सुरक्षा हम सबका दायित्व है। 14 अगस्त को ही लक्ष्मी विहार में विराजित परमेश्वर महादेव मंदिर परिसर में श्रावण झूला उत्सव का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर कॉलोनी की मातृशक्तियां, बच्चे व श्रद्धालुगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

राजीव भवन में ध्वजारोहण कार्यक्रम आज

आरंग। देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को आरंग स्थित राजीव भवन में भव्य ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और सुबह 9 बजे ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी देंगे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरंग के अध्यक्ष कोमल साहू ने बताया कि राष्ट्रीय पर्व को उमंग, उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम में क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं आम नागरिक उपस्थित रहेंगे। ध्वजारोहण के बाद डॉ. शिवकुमार डहरिया उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे और देश की आजादी के लिए बलिदान देने वाले अमर शहीदों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन करते हुए अपना संदेश देंगे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरंग ने नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं पार्टी पदाधिकारियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

ज्ञानदीप स्कूल में हरियाली दिवस पर हुईं प्रतियोगिताएं

आरंग। सरस्वती ज्ञानदीप विद्यालय आरंग में हरियाली तीज के अवसर पर हरियाली दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शाला विकास समिति के अध्यक्ष संतोष साहू एवं उपाध्यक्ष प्रदीप लोधी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई, जो कि गीतांजलि निषाद के द्वारा प्रस्तुत की गई। स्वागत गीत शाला नायक खिलेश्वरी यादव के द्वारा प्रस्तुत किया गया। उद्बोधन में स्कूल की प्रधान पाठिका देवकुमारी यादव ने हरियाली तीज की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उपयोगिता एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को पेड़ लगाने की प्रेरणा दी। आगे कार्यक्रम में पीपी-1 से आठवीं तक के बच्चों ने गीत, कविता, भाषण, निबंध एवं नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कुसुम यादव, छाया यादव, मनिका लोधी, मधुरिमा सेन, सुमन लता योगी, दीपिका जलक्षत्री एवं भावना साहू ने सराहनीय योगदान दिया। आभार प्रदर्शन शिक्षिका सुनीता लोधी के द्वारा दिया गया।

समर के चयन व जन्मदिन पर नेवता भोज

आरंग। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अकोलीकला भाऊ में शिक्षक विमल चंद सोनवानी ने अपने पुत्र समर सोनवानी के प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग-पाटन में चयन होने एवं जन्मदिन की खुशी में नेवता भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों को खीर, पूरी, भजिया, पापड़, टमाटर चटनी और केला परोसा गया। भोजन पाकर बच्चों में उत्साह और खुशी का माहौल रहा। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख बालीराम पटेल सहित शिक्षक पुरंजन लाल साहू, परस राम कनौजे, प्रशांत साहू, आशा राम निषाद, सफाई कर्मचारी धनेश्वर साहू एवं रसोइया शिवकुंवर उपस्थित रहे।

निधन

क्रांतिलाल अग्रवाल

कूंरा। नगरपंचायत कूंरा के वार्ड 05 निवासी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं श्याम खाटू राइस मिल के संचालक क्रांतिलाल अग्रवाल (67) का 13 अगस्त को स्वर्गवास हो गया । जिनका दाह संस्कार का कार्यक्रम नगर के मुक्ति धाम में संपन्न किया गया जिनमें बड़ी संख्या में परिजन सहित क्षेत्र के लोग शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित किया । वे अमित , सुमित एवं नमित अग्रवाल के पिता जी एवं रघुनन्दन , श्याम , दुर्गेश , मदन , एवं कमलेश अग्रवाल के बड़े भाई थे ।

जर्जर सड़क पर बारिश के बाद वाहन तो दूर पैदल चलना भी होता है मुश्किल

7 किमी लंबा मढ़ी-कोदवा मार्ग आजादी के 79 साल बाद भी नहीं बना, ग्रामीणों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कूंरा



आजादी के 80 साल बीत गए। सरकारें आईं-गईं, विकास के लाख दावे हुए, लेकिन धरसींवा विधानसभा के ग्राम मढ़ी से कोदवा तक के 7 किलोमीटर के पहुंच मार्ग की किस्मत आज तक नहीं बदली। यह सड़क नहीं, मौत का दलदल है। बारिश में यहां सड़क नहीं, तालाब नजर आता है। आलम यह है कि पैदल चलना भी दूभर है, बाइक फिसल कर खेत में घुस जाती है और कार आधे रास्ते में ही कीचड़ में धंस जाती है।

उल्लेखनीय है कि, मढ़ी से कोदवा पहुंच मार्ग बदहाल और जर्जर हालत में है। ग्रामीण पक्का बनाने की मांग करते थक गए। लेकिन आज तक किसी ने इसकी सुध तक नहीं ली। घोषणा हुई, भूमिपूजन भी हुआ लेकिन सड़क बनना शुरू तक नहीं हो सका। घोषणा के बाद लगा अब 80 साल का वनवास खत्म होगा। लेकिन हुआ इसका उल्टा। 4 साल बीत गया। न टेंडर, न एस्टीमेट, न एक फावड़ा मिट्टी खुदी।घोषणा सिर्फ झुनझुना बन कर रह गई। आज फिर वही हाल है। मढ़ी से कोदवा तक का पूरा 7 किमी मार्ग उबड़-खाबड़, जानलेवा गड्ढों और घुटने भर कीचड़ से सराबोर है।

दावे खूब किए पर काम नहीं

विकास के तमाम दावों को ठेंगा दिखाती ये तस्वीर कोई सुनसान रास्ता नहीं है। ये लाइफलाइन है। यहीं से किसान अपना धान-पैरा खेत से खलिहान लाते हैं। सिलतरा, उरला, बिरगांव, भनपुरी, रायपुर के औद्योगिक क्षेत्रों में काम करने वाले सैकड़ों मजदूर रोज इसी दलदल से गुजरते हैं। स्कूली बच्चे, कॉलेज के छात्र, शिक्षक, बैंक-सोसायटी-पोस्ट ऑफिस आने-जाने वाले ग्रामीण इसी बदहाल कच्चे रास्ते से हर रोज रेंग रहे हैं। सिलयारी रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड जाने का यही एकमात्र शॉर्टकट है। कोदवा से सिलयारी तक पक्की है, लेकिन मढ़ी से कोदवा तक आज भी कच्चा सड़क है। स्थानीय ग्रामीण बताते हैं, अगर बाइक में दो लोग बैठे हों तो एक को उतरना पड़ता है। अकेले भी गाड़ी संभालना मुश्किल है। आधे घंटे का रास्ता डेढ़ घंटे में तय होता है। कई बार फिसल कर गिर जाते हैं, तो घर लौटना पड़ता है। जनप्रतिनिधि और जिम्मेदार जल्द बनेगा कहकर जिम्मेदारी से इतिश्री कर लेते हैं। झूठे दावों की पोल खोलती ये सड़क दिनोंदिन और भी बद से बदतर होता जा रहा है। प्रशासनिक उदासीनता और उपेक्षा से गुस्साए ग्रामीण कीचड़ भरी सड़क में पिछले 8 दशक से चल रहे हैं। विकास के ढोल पीटने वालों की हकीकत बयां करती ये बदहाल सड़क विकास की रफ्तार को दिखा रही है कि 80 साल में महज 7 किलोमीटर सड़क तक नहीं बन सकी।

परसदा रेलवे क्रॉसिंग पर मिली युवक की लाश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदिर हसौद

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के पास स्थित परसदा रेलवे ओवर ब्रिज के पास कल रात्रि में रेलवे लाइन में कटने से मौत हो गई, जिसको लेकर

सहायक स्टेशन प्रबंधक मंदिर हसौद की लिखित सूचना है कि नया रायपुर एवं लखोली अपलाइन किलोमीटर संख्या 22/17 से 22 /19 के मध्य ट्रेन वेज़ बीजेपी न ऑब्लिक आई में अज्ञात व्यक्ति दिनांक 13. 8. 2026 के 20:42 बजे रन ओवर होकर मृत हुआ है मृतक की उम्र करीबन 25 से 30 वर्ष नीला सफेद रंग का चेक फुल शर्ट काला रंग का फुल पैंट पहना है बाल काले रंग गेहुआ चेहरा लंबा हल्की दाढ़ी मूछ की सूचक की रिपोर्ट पर थाना मंदिर हसौद में मार्ग क्रमांक 73/ 26 धारा 194 बी एन एस एस चाक कर मार्ग जांच पंचनामा कार्यवाही में लिया गया है। वही उक्त युवक का पहचान व कुछ जानकारी होने पर मंदिर हसौद थाना को सूचित करें।

बैंक खाते से साइबर ठगों ने उड़ाए 68 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



नगर में साइबर ठगी का एक और मामला सामने आया है। हाइवे के बाईपास तिराहे के पास चाय गुमटी चलाने वाले 46 वर्षीय रमेश कुमार देवांगन के बैंक खाते से साइबर ठगों ने करीब 68 हजार रुपए निकाल लिए। पीड़ित ने मामले की शिकायत आरंग थाना में की है। पुलिस साइबर सेल की मदद से मामले की जांच कर रही है। शुक्रवार सुबह रमेश कुमार के मोबाइल पर बैंक खाते से 10 हजार रुपए निकाले जाने का मैसेज आया। इसके बाद उसने जब तक मामले को समझने और खाते को ब्लॉक कराने की कोशिश की, तब तक ठगों ने लगातार कई लेन-देन कर करीब आधे घंटे के भीतर खाते से लगभग 68 हजार रुपए निकालकर खाता खाली कर दिया। पीड़ित के मुताबिक, खाते से रकम निकलने के मैसेज लगातार आने से वह घबरा गया। खाते को ब्लॉक कराने का प्रयास करता, इससे पहले ही ठगों ने कई ट्रांजेक्शन के जरिए रकम निकाल ली। घटना के बाद पीड़ित ने आरंग थाना पहुंचकर पुलिस को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। साइबर सेल द्वारा बैंक खाते से हुए लेन-देन, ट्रांजेक्शन और अन्य तकनीकी जानकारियों की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही ठगी के तरीके और आरोपियों के संबंध में स्पष्ट जानकारी सामने आ सकेगी।

भूमि अधिग्रहण पर प्रशासन का रुख बदला तो चक्काजाम टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

ग्राम पंचायत रसनी की 54 एकड़ (22 हेक्टेयर) बहुउद्देश्यीय शासकीय भूमि को जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र को सौंपने के विरोध में ग्रामीणों द्वारा 15 अगस्त को नेशनल हाईवे पर किए जाने वाले अनिश्चितकालीन चक्काजाम को फिलहाल 10 दिनों के लिए टाल दिया गया है। स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व के सम्मान और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ हुई सकारात्मक वार्ता के बाद ग्रामीणों ने आंदोलन स्थगित करने का फैसला लिया है। मामले को सुलझाने के लिए आरंग एसडीएम अभिलाषा पैकरा के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई थी, जिसमें पुलिस, उद्योग विभाग के अधिकारियों और ग्रामीणों के बीच विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के दौरान ग्रामीणों ने अपना रुख स्पष्ट करते हुए चेतावनी दी है कि यदि अगले 10 दिनों के भीतर शासन-प्रशासन की ओर से कोई ठोस और सकारात्मक पहल नहीं की गई, तो रसनी के ग्रामीण एक बार फिर नेशनल हाईवे पर उतरकर बेमियादी चक्काजाम करने के लिए मजबूर होंगे। इस प्रशासनिक वार्ता में एसडीएम अभिलाषा पैकरा के साथ सीएसपी लंबोदर पटेल, आरंग तहसीलदार बाबूलाल कुर्रे, थाना प्रभारी हरीश साहू, उद्योग विभाग के प्रतिनिधि, रायपुर जिला पंचायत सदस्य वतन अंगनाथ चंद्राकर, उपसरपंच पारसमणि चन्द्राकर, सूरज शर्मा, गोपाल चन्द्राकर, मोहित चन्द्राकर, होरी चन्द्राकर, खुबचंद चन्द्राकर, समीर चन्द्राकर, भरत चन्द्राकर सहित ग्राम पंचायत रसनी के स्थानीय प्रतिनिधि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। फिलहाल प्रशासन के आश्वासन पर ग्रामीणों ने अपना रुख नरम किया है, लेकिन 10 दिन की समयसीमा बीतने के बाद आंदोलन दोबारा तेज होने के आसार है।

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

परिक्षेत्र साहू समाज अभनपुर के तत्वावधान में नव-निर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक पदाधिकारियों का सम्मान अभिनंदन समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में राजिम भक्तिन माता समिति एवं जिला साहू संघ रायपुर (ग्रामीण) के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का गमछा, पुष्पमाला, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभनपुर विधायक इन्द्र कुमार साहू ने कहा कि समाज द्वारा नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान करना गौरव की बात है। नई जिम्मेदारी पाने वाले सभी पदाधिकारी समाज को एकजुट रखते हुए शिक्षा, सामाजिक उत्थान और युवा पीढ़ी के विकास के लिए बेहतर कार्य करें। समाज की एकता और सहयोग से ही क्षेत्र का सर्वांगीण विकास संभव है। इस दौरान राजिम भक्तिन माता मंदिर समिति के अध्यक्ष लालाराम साहू, उपाध्यक्ष डॉ. आलोक चंद्रिका साहू, महिला उपाध्यक्ष शारदा लोकनाथ साहू, संगठन सचिव रमेश कुमार साहू एवं महिला संगठन सचिव गीता देवी साहू का सम्मान किया गया। वहीं जिला साहू संघ रायपुर (ग्रामीण) के अध्यक्ष हीरामन साहू, उपाध्यक्ष पोषण लाल साहू, महिला उपाध्यक्ष धनमती साहू, संगठन सचिव योगेश कुमार साहू एवं महिला संगठन सचिव सरस्वती साहू को सम्मानित किया गया।

मिनीमाता को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

छत्तीसगढ़ की पहली महिला सांसद, सामाजिक क्रांति की संवाहक और शोषितों-वंचितों की सशक्त आवाज़ स्व. मिनीमाता की पुण्यतिथि के अवसर पर आज संपूर्ण प्रदेश सहित आरंग क्षेत्र में श्रद्धांजलि सभाओं का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर, पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के मार्गदर्शन में राजीव गांधी भवन में एक भव्य एवं गरिमामय श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई, जहाँ बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के दौरान राजीव गांधी भवन में स्व. मिनीमाता के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें दीप प्रज्वलित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने मिनीमाता के जीवन, उनके संघर्षों और छत्तीसगढ़ के निर्माण व विकास में उनके अविस्मरणीय योगदान को याद किया। इस दौरान अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरंग खिलावन निषाद नेता प्रतिपक्ष शरद जीतू गुप्ता, मंगल मूर्ति अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष भारत लोधी, मनमोहन गुप्ता, पार्षद समीर गोरी, पार्षद प्रतिनिधि सूरज सोनकर, दीपक चंद्राकर, तुलसी भाई पटेल, मंजू चंद्राकर, राजेश्वरी साहू, सागर जोशी, चमन कोसल, गणेश बंदे, डोमन धूरू, राजेश निर्मलकर, इंद्रजीत साहू सहित कॉग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर स्व. मिनीमाता की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया।

इफको ने कृषक दिवस पर डीपी की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

इफको के द्वारा आज आरंग में किसान मुरली चंद्राकर के खेत में कृषक दिवस का आयोजन किया गया था, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में योगेंद्र कुमार, विपणन निदेशक, इफको नई दिल्ली के द्वारा कृषक भाइयों को नई डीपी की संक्षिप्त जानकारी उपलब्ध कराई गई और साथ ही किसानों को इसके प्रयोग विधि और फायदे बताए गए। इसके साथ ही किसानों के साथ बातचीत कर उनके अनुभव को साझा किया गया और स्थानीय कृषक मुरली चंद्राकर के खेतों में नैनो डीपी का जो पूर्व में उपयोग किया गया था, उसका अवलोकन किया गया। इस अवसर पर इफको के द्वारा मुख्य रूप से मधुलिका शुक्ला (मुख्य कार्यपालन अधिकारी, इफको ई-बाजार), आर.के. राठौर, सुधीर सक्सेना, राजेश गोले, नारायण साकार, बृजेश मिश्रा, नेमीश पटेल मुख्य रूप से मौजूद रहे एवं सभी ने अपना अनुभव जमीनी स्तर पर साझा किया। कृषक दिवस का आयोजन इफको बाजार आरंग के द्वारा देवी दयाल यादव, जितेंद्र राजपूत, तिलेश पटेल, तेजराम यादव, वरुण कुमार, दीपक यादव, केशव साहू के तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर स्थानीय कृषकों के साथ ही आसपास के अन्य गांवों से भी बहुत संख्या में कृषकगण और ड्रोन दीदी चंद्रकाली वर्मा, हुलेश्वरी निषाद भी उपस्थित थीं।

अंचल में हर्षोल्लास से मनाई गई हरेली



आरंग। छत्तीसगढ़ का प्रमुख कृषि पर्व 'हरेली' प्रदेश भर में हर्षोल्लास से मनाई गई। सावन माह की अमावस्या को पड़ने वाला यह त्योहार किसानों के लिए नए कृषि वर्ष की शुरुआत का प्रतीक है। इस दिन घर-घर में खेती के औजारों की पूजा होती है और गांवों में गेड़ी दौड़ का आयोजन किया जाएगा। हरेली के दिन सुबह से ही किसान अपने हल, कुदाल, गैंती और ट्रैक्टर को साफ-सफाई कर गोबर-मिट्टी से लीपेंगे। इसके बाद फूल, माला, धूप और दीप से पूजा कर अच्छी फसल की कामना की जाएगी। पूजा के बाद बैलों को नहलाकर सींगों में रंग-रोगन किया जाता है। इस पर्व का सबसे खास आकर्षण 'गेड़ी' है। बच्चे बांस की गेड़ी बनाकर दौड़ लगाएंगे।

ग्रामीण क्षेत्रों में कबड्डी, कुश्ती, फुगड़ी जैसे अन्य पारंपरिक खेलों का आयोजन भी होगा। घरों में चीला, खुरमी और ठेठरी जैसे पकवान बनेंगे। महिलाएं घर के द्वार पर नीम की डाली बांधेंगी, जिसे 'हरेली डार' कहा जाता है। इससे घर की नकारात्मक शक्तियों से रक्षा के लिए शुभ माना जाता है। कृषि विभाग और पंचायतों द्वारा इस दिन वृक्षारोपण कार्यक्रम भी चलाए जाते हैं। हरेली केवल खेती का त्योहार नहीं, बल्कि प्रकृति और समाज से जुड़ाव का पर्व भी है। किसान भाईचारे और समृद्धि की कामना के साथ आज पूरे अंचल में हरेली का पर्व बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाई गई।